


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




वर्ष 54/ अंक 289/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
भोपाल, शुक्रवार 30 मई 2025 भोपाल से प्रकाशित | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | आर.एन.आई 22296/71 | डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14 | dainiksandhyaprakash.in

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोहतास में आतंकवादियों पर जमकर गरजे

# बिहार से आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का वादा किया था, उसे पूरा करके ही आया

**रोहतास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार यह ऐलान किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना को भी सीधा टारगेट किया गया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। जिन लोगों ने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। पाकिस्तानी सेना की छत्रछाया में आतंकी खुद को सुरक्षित मानते थे। हमारी सेना ने एक ही झटके में उनको भी घुटनों पर ला दिया। पाकिस्तान के एयरबेस, उनके सैन्य ठिकाने हमने कुछ ही मिनट में तबाह कर दिए।



### राम की रीति ही नए भारत की नीति बन गई

बिहार के रोहतास जिले के विक्रमगंज में पीएम मोदी की सभा थी। जिला मुख्यालय सासाराम है। सासाराम का नाम लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसके तो नाम में ही राम है। राम राज्य में यह रीति थी- प्राण जाए पर वचन न जाए। राम की रीति अब नए भारत की नीति बन गई है। उन्होंने आगे इस बात को और साफ करते हुए कहा- पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था। वचन दिया था। बिहार की धरती पर आंख में आंख मिलाकर कहा था कि आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। आज जब बिहार आया हूं तो अपना वचन पूरा करने के बाद आया हूं। यह नया भारत है, यह नए भारत की ताकत है।

### बीएसएफ पर गर्व, शहीद इम्तियाज को श्रद्धांजलि दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षेत्र से लेकर भावनाओं तक को छूने वाली बात कही। उन्होंने कहा कि यह वीर कुंवर सिंह की धरती है। यहां के नौजवान सेना-बीएसएफ में अपनी जवानी खपा देते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने हमारी सेना के साथ ही सीमा सुरक्षा बल, यानी बीएसएफ का भी अदम्य पराक्रम और साहस देखा है। बीएसएफ देश की सीमा पर सुरक्षा की अभेद्य चट्टान हैं। मां भारती की रक्षा बीएसएफ के जवानों के लिए सर्वोपरि है। 10 मई को देश की सीमा की रक्षा करते हुए इम्तियाज शहीद हो गए थे। मैं उन्हें आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं। आज बिहार की धरती से फिर दोहराना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर में लड़ाई देश के दुश्मनों से है, चाहे वह सीमा पार हों या भीतर हों- उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# महिला शक्ति का महाकुंभ कल

## पीएम मोदी दो घंटे रहेंगे मौजूद, 45 मिनट तक महिलाओं को संबोधित करेंगे

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित ऐतिहासिक महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में शामिल होंगे। वे सुबह 11 बजे भोपाल पहुंचेंगे और करीब दो घंटे तक शहर में रुकेंगे। इस दौरान पीएम जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में करीब 45 मिनट तक महिलाओं को संबोधित करेंगे। यह आयोजन प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा महिला सम्मेलन होगा, जिसमें दो लाख से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम का संचालन, सुरक्षा और प्रबंधन पूरी तरह महिलाओं के हाथों में रहेगा, जो इसे और भी खास बनाता है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय संसकृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शेखावत संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री करीब 1 बजे भोपाल से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।




### पीएम देंगे कई सौगात

पीएम मोदी लोकमाता देवी अहल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और स्मृति सिक्का का विमोचन, आदिवासी, लोक और पारंपरिक कला में योगदान देने वाली महिलाओं को राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई पुरस्कार, देवी अहिल्याबाई के सुशासन और सांस्कृतिक योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन, इंदौर मेट्रो सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा दतिया और सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण, सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत शिप्रा नदी पर 29 किमी लंबे घाट (778.91 करोड़) का भूमिपूजन और 80 करोड़ से अधिक के बैराज, स्टॉप डैम, वेटेड काजवे निर्माण कार्यों की शुरुआत (धार, उज्जैन, इंदौर, देवास सहित) भी करेंगे।

### महिलाएं संभालेंगी हर जिम्मेदारी

यह पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की संपूर्ण ज़िम्मेदारी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों के कंधों पर होगी। सुरक्षा की कमान मध्यप्रदेश की स्पेशल डीजी सोनाली मिश्रा को सौंपी गई है। साइट मैनेजमेंट, मंच संचालन, हेलिपैड से लेकर कारकेट तक हर स्तर पर महिलाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

### अन्य जिलों में प्रभारी मंत्री रहेंगे उपस्थित

इंदौर, उज्जैन, सतना और दतिया में होने वाले वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रमों में संबंधित विभागीय मंत्री, प्रभारी मंत्री और जनप्रतिनिधि रहेंगे उपस्थित। भोपाल में कार्यक्रम में 238 विशिष्ट लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## सीबीआई ने 20 लाख रुपए की रिश्वत लेते ईडी के डीडी चिंतन रघुवंशी को रंगे हाथों पकड़ा

**भुवनेश्वर।** सीबीआई ने 50 लाख रुपये रिश्वत मामले में पहली किश्त 20 लाख लेते भुवनेश्वर में ईडी के डीडी चिंतन रघुवंशी को रंगे हाथों पकड़ा।

इस बाबत सूचना मिलने के बाद सीबीआई ने एक जाल बिछा कर अभियान को मूर्त रूप दिया। कई घंटों की पूछताछ के बाद बैच के आईआरएस अधिकारी को पकड़े जाने के तुरंत बाद पूछताछ के लिए नयापल्ली स्थित अपने दफ्तर ले गए। एजेंसी ने मामले में शामिल खनन व्यवसायी से भी पूछताछ शुरू कर दी है।

इस वर्ष की शुरुआत में 8 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने एक खनन व्यवसायी से जुड़े




सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय के भुवनेश्वर क्षेत्रीय कार्यालय के उप निदेशक चिंतन रघुवंशी को कथित रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीआई को गुरुवार को सूचना मिली थी कि अधिकारी भुवनेश्वर स्थित एक खनन व्यवसायी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने की योजना बना रहा है। यह रकम कथित तौर पर कुल 50 लाख रुपये की रिश्वत की पहली किस्त थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीबीआई के अधिकारी 2013 भुवनेश्वर और ढेंकनाल में 14 अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे थे। ये तलाशी उनकी कंपनी द्वारा संदिग्ध अवैध वित्तीय लेन-देन की जांच का हिस्सा थी।

सीबीआई की जांच में पता चला कि रिश्वत की मांग एक बड़ी रकम का हिस्सा थी, जो शुरू में 5 करोड़ रुपये आंकी गई थी, जिसे बाद में बातचीत करके 2 करोड़ रुपये में तय किया गया। कथित तौर पर यह अवैध रिश्वत धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत एक मामले को निपटाने के बदले में मांगी गई थी।

## कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल का पोता छिंदवाड़ा में मिला

**रायसेन।** रायसेन की सिलवानी विधानसभा से कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल के दो साल पोते दिव्यम पटेल का गुरुवार को अपहरण कर लिया गया था। शुक्रवार तड़के पुलिस ने उसे छिंदवाड़ा के तामिया में सकुशल ढूंढ लिया। पुलिस ने इस केस में तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।



**दस पुलिस टीमों ने मिलकर चलाया सर्च ऑपरेशन-** पुलिस महानिरीक्षक, डीआईजी, एसपी और एएसपी के नेतृत्व में दस विशेष टीमें गठित की गईं। ऑपरेशन में डॉग स्क्वाड, सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन कैमरे और बघेर कैमरे का भी उपयोग किया गया। यह सर्च पूरी रात जारी रहा और शुक्रवार सुबह सफलता हाथ लगी।

**सीसीटीवी में मिला आखिरी सुराग-** गुरुवार सुबह 11 बजे दिव्यम को घर के आंगन में सेब खाते हुए सीसीटीवी में देखा गया। इसके बाद वह अचानक गायब हो गया। परिवार और मोहल्ले वालों ने पहले खुद तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला, तब पुलिस को सूचना दी गई।

**तीन थानों की टीम सक्रिय, विधायक खुद रहे मौजूद-** जैसे ही पुलिस को सूचना मिली, सिलवानी, बेगमगंज और गैरतगंज थानों की टीमें सक्रिय हो गईं। विधायक देवेंद्र पटेल खुद मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ तलाशी अभियान में रहे।

**आरोपियों से पूछताछ जारी-** एसपी पंकज पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि इस अपहरण के पीछे आर्थिक लाभ की मंशा थी। पुलिस यह भी देख रही है कि इसमें और कौन-कौन शामिल हो सकता है।



## सीएम ने शौर्य स्मारक से 'अहिल्या वाहिनी' बाइक रैली और 'मां तुझे प्रणाम' यात्रा को दिखाई हरी झंडी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में महिला सशक्तीकरण को नई दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल स्थित शौर्य स्मारक से एक नई पहल की शुरुआत की। उन्होंने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और दीप प्रज्ज्वलन के साथ जनकल्याण पर्व को एक नई ऊर्जा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व समर्पण, सुशासन और



समाजसेवा का अनुपम उदाहरण है। उनका जीवन हमें प्रेरणा देता है कि हम समाज के हर वर्ग विशेषकर महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अहिल्या वाहिनी महिला बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नारी शक्ति और सुरक्षा का प्रतीक है, जिसमें 40 महिला बाइकर पुलिस विभाग से और शेष सिविलियन महिला बाइकर शामिल रहीं। रैली शौर्य स्मारक से शुरू होकर न्यू मार्केट, रोशनपुरा, जवाहर चौक, अटल पथ, प्लेटिनम प्लाजा चौराहा, व्यापमं चौराहा होते हुए फिर शौर्य स्मारक पर खत्म होगी।

### नारी शक्ति को सदैव उच्च स्थान प्राप्त रहा

मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें हेलमेट भी भेंट किए और सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति में नारी शक्ति को सदैव उच्च स्थान प्राप्त रहा है। यह रैली केवल आयोजन मात्र नहीं, बल्कि नारी शक्ति की दृढ़ता, आत्मनिर्भरता और बदलती सामाजिक सोच का प्रतीक है। उन्होंने पुलिस, खेल विभाग और सहयोगी संस्थाओं को इस सफल आयोजन के लिए बधाई भी दी। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



**ट्राइबल इन्फ्लुएंसर्स मीट का सीएम ने किया शुभारंभ**

## सोशल मीडिया के जरिए आमदनी बढ़ाने के गुर सीखे आदिवासी युवाओं ने

राजधानी भोपाल में आज पहली बार ट्राइबल इन्फ्लुएंसर्स मीट का आयोजन हो रहा है। इस वर्कशॉप के लिए सोशल मीडिया पर पॉपुलर मप्र के आदिवासी युवाओं का चयन किया गया है। भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित ट्राइबल म्यूजियम में



आज यानी 30 और कल 31 मई को यह कार्यशाला होगी। सीएम डॉ मोहन यादव जनजातीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीट की डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जनसंपर्क आयुक्त सुदाम खाड़े विशेष रूप से मौजूद रहे।

### पीएम के महिला सम्मेलन में प्रोजेक्ट बनाएंगे

जनजातीय संग्रहालय में आज सुबह 10 बजे से कार्यशाला शुरू हुई। इसके बाद ये सभी आदिवासी युवा कल यानी 31 मई को जंबूरी मैदान पर होने वाले महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में प्रोजेक्ट वर्क को पूरा करने भी जाएंगे। एमपी की आबादी में 21 फीसदी आदिवासी जनसंख्या है। देश के परिप्रेक्ष्य में देखें तो विश्व में सबसे ज्यादा जनजातीय आबादी 8.6त्न है। सरकारों ने आदिवासी वर्ग के लिए कई योजनाएं और संवैधानिक प्रावधान किए हैं लेकिन फिर भी आदिवासी समुदाय डिजिटल वर्ल्ड में काफी पीछे हैं। इन्हें डिजिटल मार्केटिंग से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

## इंडोनेशिया में खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के फैसले की सराहना की

**जकार्ता।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। अलग पहचान की भावना



को बड़ी समस्या बताते हुए सलमान खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से हुए सकारात्मक परिणामों पर बात की। उन्होंने केंद्रशासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में 65 फीसदी मतदाताओं की भागीदारी का भी जिक्र किया। उन्होंने इस क्षेत्र में उभरी समृद्धि की ओर इशारा करते हुए इन घटनाक्रमों को पलटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ पुरजोर तरीके से आवाज उठाई।

## पंजाब में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, चार मजदूरों की मौत और 27 घायल

**मुक्तसर (पंजाब)।** मुक्तसर के लंबी हलके के निकटवर्ती गांव सिंघेवाला-फतूहीवाला के खेतों में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में वीरवार देर रात भयंकर विस्फोट हो गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। जबकि करीब 27 मजदूरों के गंभीर रूप से घायल होने की प्रारंभिक रिपोर्ट आ रही है। घायलों को बठिंडा एम्स रेफर कर दिया गया है। बताते हैं कि इस विस्फोट में फैक्टरी की दो मंजिलें पल भर में मलबे में बदल गई। यह दुर्घटना फैक्टरी के पटाखा बनाने वाले यूनिट में रात्रि करीब साढ़े बारह बजे घटित हुई। बताया जाता है कि फैक्टरी में पटाखे बनाने का काम उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी ठेकेदार राज कुमार के अधीन होता था। ठेकेदार घटना के बाद से फरार है।

### आईएनएस विक्रांत से राजनाथ सिंह ने भरी हुंकार

# भारत अब सीधा जवाब देता है, सहन नहीं करता

**पणजी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि आज आईएनएस विक्रांत पर अपने नौसैन्य योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता। वैसे भी 'विक्रांत' का अर्थ ही होता है- अदम्य साहस, और अपराजेय शक्ति। आज आप सभी जांबाजों के बीच खड़े होकर मैं इस नाम के अर्थ को साकार होता देख रहा हूं। आपकी आंखों में जो दृढ़ता है, उसमें भारत की असली शक्ति झलकती है।



### जो कार्रवाई की, वह अदभुत था

राजनाथ ने कहा, आपके शौर्य को सराहने और आपके परिश्रम को सलाम करने आया हूं। मैं आप सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देता हूं। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है। उन्होंने कहा कि महज कुछ ही समय में हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर मैं फिर दुहरा रहा हूं, हमने अपनी शर्तों पर अपनी सैन्य कार्रवाई को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। इस पूरे एकीकृत संचालन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है।

## जीवन का सत्य और आध्यात्मिक विकास का महत्व



बुढ़ापा जीवन में यह इंगित करता है, एक दिन ढलना भी है। यह पंक्ति हमें जीवन की क्षणभंगुरता का बोध कराती है। जिस प्रकार सूर्य उदय के बाद धीरे-धीरे ढल जाता है, उसी प्रकार मानव जीवन भी समय के साथ अपनी अंतिम मंजिल की ओर बढ़ता है। यह सत्य हमें सिखाता है कि जीवन के इस अनिश्चित प्रवाह में हमें अपने आध्यात्मिक विकास पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यही वह आधार है जो हमें इस लोक और परलोक दोनों में सुख और शांति प्रदान करता है। शास्त्रों में कहा गया है कि जीवन में रोग और मृत्यु कभी भी, बिना किसी पूर्व सूचना के आ सकते हैं। ये दोनों जीवन के ऐसे सत्य हैं जिनसे कोई भी नहीं बच सकता। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अपने जीवन को केवल भौतिक सुखों और सांसारिक उपलब्धियों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने आंतरिक विकास और आत्मा की शुद्धि पर भी ध्यान दें। भक्ति और आध्यात्मिकता वह मार्ग है जो हमें इस सत्य को स्वीकार करने और जीवन को पूर्णता के साथ जीने की प्रेरणा देता है।

### सेवा भारती दिव्यांग बालक छात्रावास गांधी आश्रम भवन के नव निर्मित प्रथम तल का लोकार्पण

# सेवा बस्तियों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और संस्कार सेवा भारती का मुख्य उद्देश्य : पौराणिक



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

शोषित वंचित समाज के जरूरतमंद दिव्यांग बालको को निशुल्क शिक्षा संस्कार और स्वावलंबन हेतु गांधी नगर स्थित नवीन छात्रावास के प्रथम ताल का कैबिनेट मंत्री चेतन कश्यप, राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त सचिव विजय पुराणिक, क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा, भोपाल उत्सव मेला समिति सचिव सुनील जेनाविन और महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने मंत्रच्चारों के बीच शुभारंभ किया मुख्य वक्ता विजय पौराणिक ने सेवा भारती द्वारा देश ओर मध्य भारत अंतर्गत भोपाल महानगर में किए जा रहे सेवा कार्यों को व्यवस्थित रूप से बताया और सेवा प्रकल्पों द्वारा उच्च परिणामो की जानकारी दी इस अवसर पर वक्ताओं ने सेवा भारती के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सहयोग का भरोसा दिया सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया की महानगर में आनंदधाम, मातृछाया, वनवासी कल्याण, संस्कार शिक्षा केंद्र, कैंसर चिकित्सालय में निशुल्क भोजन वितरण जैसे अनेको कार्य सेवा भारती द्वारा संचालित है।

इस अवसर पर सेवा भारती मध्य भारत के संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी, विमल त्यागी राजनारायण अग्निहोत्री, प्रद्युम्न गुप्ता,राम रघुवंशी, अमित जैन तड़ैया, मनोज सोनी, मुन्नालाल सिरोठिया, प्रेम नारायण शर्मा, तृप्ति अग्रवाल, नीतू विश्वकर्मा, कुश श्रीवास्तव दीपाली गुप्ता, संजय साहू, मनोज कीर, दिनेश पवार और समाज के गणमान्य जन ओर मातृशक्ति उपस्थित थी कार्यक्रम का सफल संचालन सेवा भारती दिव्यांग बालक छात्रावास के सचिव मनोज सोनी ने एवं आभार व्यक्त महानगर संयुक्त सचिव राम रघुवंशी ने किया।

# सीखी हुई कला मानव सुख में सबसे उच्चतम तत्वों में से एक : सिद्ध भाऊ



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में एक माह से चल रहे ग्रीष्मकालीन अभिव्यक्ति शिविर का समापन किया गया। शिविर में भिन्न-भिन्न विद्यालयों के लगभग 475 विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। शिविर में खेलकूद, मार्शल आर्ट, योगा, चित्रकला, कम्प्यूटर, मेंहदी, स्कैचिंग, संगीत, हिन्दी अंग्रेजी हस्तलेखन, नृत्यकला, कुकिंग, अंगेजी स्पोकन, सेल्फ ब्यूटीशिन कोर्स, कैलीग्राफी, आदि का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। शिविर समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिद्ध भाऊ, कर्नल नारायण पारवानी सहित शिक्षाविद् विष्णु गेहानी उपस्थित थे। म्यूज़िक प्रतिभागियों द्वारा गणेश वंदना, सिंधी गीत की सुंदर प्रस्तुति पेश की गई। अंग्रेजी स्पोकन प्रतिभागियों द्वारा ''सेव गर्ल थीम'' पर स्किट का प्रदर्शन किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में मॉ गीत, आधुनिक बुराईयों पर अच्छाई की जीत तथा सिंधी झूलेलाल नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के साथ शिविर का समापन किया गया।

कर्नल पारवानी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने जिस कला को सीखा है उसका अभ्यास भी जारी रखना जरूरी हैं क्योंकि अभ्यास ही हमें निपुणता प्रदान करता हैं। सिद्ध भाऊ ने कहा कि इस विद्यालय का समर कैंप में प्रतिवर्ष नयापन झलकता हैं यह बाल अभिव्यक्ति शिविर एक सबसे सफल तथा अनुशासित शिविर रहा। ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थी घर पर टी.वी. व मोबाइल एवं सोने में समय व्यतीत करते हैं, आप सभी प्रतिभागियों ने अपने समय का उचित सदुपयोग कर विभिन्न कलाओं में पारंगता हासिल की है जो काबिले तारीफ हैं। हर कला को सीखाने के पीछे जो शिक्षक की मेहनत थी वो काबिले तारीफ है। समर कैंप में प्रशिक्षण देने वाले सभी शिक्षकों का सिद्ध भाऊ द्वारा नगद राशि से सम्मान किया गया एवं प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ आने वाले बच्चों को भी पुरूस्कृत किया गया।

# बुंदेलकेसरी महाराजा छत्रसाल जू का 377वां जन्मोत्सव श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मना





**भोपाल।** राजा रे मलोरे राने राय तनो, धर्म जाता रे कोई दौड़ो, धर्म जाता रे कोई दौड़ो । बुंदेलखंड के महाराजा छत्रसाल ने औरंगजेब के शासन काल में लगातार युद्ध किए और छोटी छोटी रियासतों में बटे हुए राजे, रजवाड़ों को संगठित करते हुए उनसे आव्हान किया की सभी एक हो जाओ और मिलकर युद्ध करो हमें अपने भारत वर्ष की रक्षा करना है। मंदिर महंत पंडित रूपराज शर्मा, संस्थापक सदस्य कृष्णा परनामी, पंडित भीखराज त्रिपाठी, विदुषी मीना त्रिपाठी, रविकांत शर्मा, डॉ कामिनी तिवारी, नमिता शर्मा, कीर्ति शर्मा, डॉ संजना शर्मा, परवीन परनामी, शारदा श्रेष्ठ,सत्यभूषण शर्मा, श्रीकांत शर्मा,राजकुमार दुबे, केशव श्रेष्ठ, रजनीश त्रिपाठी और संदीप श्रेष्ठ ने बुंदेलकेसरी महाराजा छत्रसाल जी की फोटो पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन वृत्त पर अपने विचार प्रकट किए । मंदिर में पधारे सभी सुंदरसाथ जी का सचिव पंडित मम्तेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया ।

## विधायक रामश्वर शर्मा ने बांधे पार्टी के झंडे, प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर सजा भोपाल



भोपाल। 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर सम्पूर्ण भोपाल को सजाया गया है। प्रधानसेवक के आगमन को लेकर संपूर्ण भोपाल में उत्साह का माहौल है। गुरुवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने लालघाटी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समीप कार्यकर्ताओं के साथ बीजेपी के झंडे लगाये।

## लाड़ली लक्ष्मी योजना सर्टिफिकेट से रुका बाल विवाह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत जारी प्रमाण पत्र ने एक बार फिर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। रीवा जिले के जवा थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग बेटी की शादी की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही थीं, लेकिन लाड़ली लक्ष्मी योजना के दस्तावेज और सतर्क नागरिक की एक शिकायत के चलते समय रहते यह विवाह रुकवा दिया गया। जवा थाना क्षेत्र के एक परिवार की बेटी का विवाह चकघाट स्थित चंदई गांव के 22 वर्षीय युवक से तय किया गया था। 27 मई 2025 को बारात आने वाली थी, शादी की लगभग सभी रस्में पूरी हो चुकी थीं। घर में मेहमान जुट चुके थे और पंडाल सजा हुआ था। महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग को एक जागरूक व्यक्ति द्वारा शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि जिस लड़की की शादी कराई जा रही है, वह सिर्फ 16 साल 5 महीने की है। शिकायत की पुष्टि लाड़ली लक्ष्मी योजना के आश्वासन प्रमाण पत्र से की गई, जिसमें बेटी की जन्मतिथि 5 दिसंबर 2008 दर्ज थी। इसी आधार पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुँच कर विवाह को रुकवाया। अधिकारीयों ने परिजनों को समझाइश दी और विवाह की वैधानिक उम्र पूरी होने से पहले शादी न कराने की कड़ी चेतावनी दी।एसपी विवेक सिंह ने मामले पर जानकारी देते हुए बताया की जवा थाना क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की गई। टीम ने मौके पर पहुँचकर जन्म प्रमाण पत्र और लाड़ली लक्ष्मी योजना दस्तावेजों की जाँच की। शिकायत सही पाई गई। यदि परिजन विवाह कराने की जिद पर अड़े रहते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह मामला सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता और सामाजिक जागरूकता का उत्तम उदाहरण बन गया है ।

## जय मां वैष्णो देवी सेवा संस्थान की 21वीं यात्रा रवाना हुई



**भोपाल।** जय मां वैष्णो देवी सेवा संस्था द्वारा पिछले 21 वर्षो से छोला मैदान सुंदर नगर प्लॉट नंबर 12 से लगातार मां वैष्णो देवी की यात्रा निकाली जा रही है इस यात्रा में हर वर्ष मां के भक्त मां वैष्णो देवी की यात्रा के लिए भोपाल से जाते हैं यह यात्रा का संचालन यात्रा अध्यक्ष देवेंद्र भैया सविता द्वारा प्रति वर्ष किया जा रहा है यात्रा कोषाध्यक्ष बृजेश तिवारी ने बताया कि यह यात्रा के 21 वर्ष पूर्ण हो गए हैं यात्रा में माताएं बहने एवं भाइयों साथ में यह यात्रा माता रानी वैष्णो देवी पहुंचकर माता रानी से आराधना करती है यात्रा के अध्यक्ष देवेंद्र भैया एवं बृजेश तिवारी पंडित अशोक तिवारी महासचिव चंचल प्रजापति सभी के सहयोग से यह यात्रा भोपाल से प्रति वर्ष माता वैष्णो धाम पहुंचती है जिसमें बड़ी संख्या में माता के बहनें पुरूष सम्मिलित होकर माता रानी के दर्शन करते हैं।

## प्रदेश में 83 हजार से अधिक बच्चों को मिला नि:शुल्क प्रवेश

**भोपाल।** भोपाल के राज्य शिक्षा केन्द्र में गुरूवार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आयोजित की गई ऑनलाईन लॉटरी में 83 हजार 483 बच्चों को उनकी पसंद के निजी विद्यालयों में निन्शुल्क प्रवेश प्राप्त हुआ है। इनमें से 72 हजार 812 बच्चे ऐसे हैं जिन्हें उनके द्वारा चयनित प्रथम वरीयता वाले स्कूलों में प्रवेश मिला है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने आरटीई के तहत निजी विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का बटन क्लिक किया। इस प्रक्रिया का सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब चैनल पर किया गया। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने कहा कि देश भर में आरटीई के तहत ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम अपनाने वाला अग्रणी राज्य मध्यप्रदेश है। इस पारदर्शी व्यवस्था से अभिभावकों को उनके क्षेत्र के स्कूल और उनमें उपलब्ध सीटों की जानकारी के साथ ही ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से उनके बच्चों को स्कूल में सीट आवंटित हो जाएगी।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने लॉटरी में चयनित बच्चों को उनकी पंसद का स्कूल आवंटित होने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालक ने पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था निर्मित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेव्हलेपमेंट कॉरपोरेशन टीम की प्रशंसा भी की।

# प्रदेश में पेयजल स्रोतों के साथ-साथ नहरों की सफाई कार्य को भी प्राथमिकता



**भोपाल।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से निरंतर जारी है। जिलों में पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ-साथ नहरों की सफाई के कार्य को भी प्राथमिकता दी जा रही है। माँ नर्मदा के किनारे लगे गाँवों में जन-अभियान परिषद जन-प्रतिनिधियों के नेतृत्व में जल यात्रा का आयोजन कर रही है। यात्रा में ग्रामीणजन बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिये शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में 30 मार्च से गतिविधियाँ निरंतर जारी हैं। जिले में नये तालाब बनाये जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जनपद पंचायत बुढ़ार की ग्राम पंचायत मजीरा में नवीन खेत-तालाब का कार्य किया गया। जिले में प्राचीन बावड़ियों के सुधार की पहल भी की गयी है। पानी की बचत के महत्व को समझाने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा रचनात्मक गतिविधियाँ की जा रही हैं।

मुरैना जिले में नहर, नदियों और तालाबों के आसपास सफाई का कार्य किया जा रहा है। अम्बाह शाखा नहर की वितरिका पर पुलिया के अपस्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में जंगल सफाई एवं मिट्टी हटाने का कार्य जन-भागीदारी से किया गया। विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने भी श्रमदान किया। जिले में जन-अभियान परिषद के सदस्य नुक्कड़ नाटक एवं गीत के माध्यम से जन-सामान्य को जल के महत्व के बारे में जानकारी दे रहे हैं। जिले में इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। नागरिकों को घर में लगे नल से पानी के अपव्यय को रोकने और जल-स्त्रोतों के आसपास सफाई के महत्व के बारे में निरंतर जानकारी दी जा रही है।

मंदसौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले की प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले की अति प्राचीन बावड़ी के पुनर्जीवन की कार्य-योजना तैयार की गयी। जन-अभियान परिषद के सदस्यों और नागरिकों ने बावड़ी की सफाई के लिये लगातार श्रमदान करने का संकल्प लिया है। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में खेत-तालाब भी बनाये जा रहे हैं। जिले की नदियों के आसपास सफाई के साथ-साथ आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए पौध-रोपण की योजना भी तैयार की गयी है। सार्वजनिक कुओं की मरम्मत ग्रामीणों की मदद से की जा रही है। उन्हें भविष्य में भी सुरक्षित करने के उपाय किये जा रहे हैं।

## एलएन मेडिकल कॉलेज और डीके सोशल वेलफेयर ग्रुप द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर



**भोपाल।** आकांक्षा गर्ल्स हॉस्टल, कटारा हिल्स, भोपाल में सर्वाइकल कैंसर कैम्प, जे.के. हॉस्पिटल, एल.एन. मेडिकल कॉलेज और डी.के. सोशल वेलफेयर ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर खासतौर पर वहाँ जेईई की तैयारी कर रही छात्राओं के लिए लगाया गया था। इस अभियान का निर्देशन डॉ. ए.के. चौधरी (डायरेक्टर, जे.के. हॉस्पिटल), डॉ. सौम्या जैन और डॉ. अचिंत्य जैन (संस्थापक एवं चेयरपर्सन, डी.के. सोशल वेलफेयर ग्रुप व बी.सी.सी.) के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर, एचपीवी वैक्सीन, सिकल सेल एनीमिया, ब्रेस्ट कैंसर और स्व-परीक्षण जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी दी गई और उन्हें प्रशिक्षित किया गया। शिविर के दौरान छात्राओं की स्वास्थ्य जाँच की गई और ज़रूरतमंदों को आवश्यक दवाइयाँ निन्शुल्क वितरित की गईं। इस सफल आयोजन में कई समर्पित युवा डॉक्टरों ने स्वयंसेवकों के रूप में भाग लिया और छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। इन वॉलंटियर्स में डॉ. प्रकाश यादव, डॉ. उदय शर्मा, डॉ. शिवानी पोर्वाल, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. विराजय शुक्ला, डॉ. शैलवी मल्लीवाल, डॉ. सिमरन सिंह, डॉ. शिवम चौहान, डॉ. पारुल वर्कड़े और डॉ. निशा नागपाल शामिल रहे। इन सभी ने अपनी सेवाभावना और समर्पण से छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई।

# महाराणा प्रताप के 485वें जन्म उत्सव में राजपूत महापंचायत ने निकाली शौर्य रैली

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



राजपूत महापंचायत द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर विशाल शौर्य रैली निकाली गई राजपूत महापंचायत ने आज रैली में भगवा ध्वज और तलवार थम कर वीर प्रताप के जय घोष के साथ समाज द्वारा बड़ी संख्या में निकल गई राजपूत महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर राघवेंद्र तोमर ने बताया कि आज महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर एमपी नगर से ट नगर तक वीर महाराणा प्रताप की शौर्य यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में रथ घोड़े डीजे बैंड इत्यादि शामिल किए गए खास बात यह रही कि इस बार महाराणा प्रताप का स्वरूप विराजमान विशाल रथ में भी दिखाई दिया इस समारोह में मेवाड़ और महाराणा प्रताप का सच पुस्तक का विमोचन भी हुआ साथ ही 485 बेटियों को तलवारे भी दी गई जिसमें बेटियों ने अपने हाथों में तलवार थमी और जय घोष के साथ तू भी है राणा का वंश जे में भी हो राणा का वंशज और उनकी गाथाओं को याद किया आज इस अवसर पर एमपी नगर से बोर्ड ऑफिस चौराहा कांग्रेस भवन लिंक रोड ननके पेट्रोल पंप पर भव्य समारोह को फूलों की वर्षा की गई आगे बताया कि आने वाले समय में 10 लख रुपए की छात्रवृत्ति समाज के साथ-साथ सभी वर्गों के लिए बांटी जाएगी। राजपूत महापंचायत की विशाल रैली में गुलाब उद्यान के पास भव्य स्वागत पूर्व विधायक द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही महाराणा प्रताप लोक पर इसका समापन हुआ जिसमें महिलाओं द्वारा शौर्य गाथा थीम पर तलवारे लहरा कर नृत्य भी किया गया साथ ही राघवेंद्र तोमर ने ओमकार भरते हुए बेटी बचाओ और लव जिहाद जैसे कृतियों पर अपने विचार रखे और इस प्रकार का कृत्य करने वालों को फांसी की सजा दी जाए जयंती के अवसर पर समाज ही नहीं अन्य समाज के लोगों को भी तलवारे वितरण की गई सभी बेटियों को तलवारे भेंट कर आत्मरक्षा और अपने सम्मान के लिए तलवार उठाने के लिए भी प्रेरित किया अंत में राघवेंद्र तोमर ने आए हुए सभी समाज के वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया।

# केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पन्ना-दमोह छतरपुर सहित बुंदेलखंड समृद्ध होगा: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## महाराजा छत्रसाल की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा

## जुगलकिशोर लोक बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा

## 90 करोड़ से अधिक के विकास और निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड में बड़ा बदलाव आने वाला है, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पन्ना दमोह छतरपुर सहित समूचा बुंदेलखंड समृद्ध होगा। किसानों की जिंदगी बदलेगी, पूरे क्षेत्र में खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को पन्ना में महाराजा छत्रसाल जयंती और पन्ना नगर के गौरव दिवस पर समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के माध्यम से सुशासन की मिसाल बनेगी। प्रदेश में पन्ना सहित 19 धार्मिक नगरों में शराब दुकान बंद की गई है। सरकार शराब दुकान बंद कर दूध की दुकानें खोलेगी, गोपालन पशुपालन को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां श्री जुगल किशोर लोक के साथ ही 90 करोड की लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा शीघ्र ही पन्ना को मेडिकल कॉलेज सहित अन्य सौगातें भी मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना की धरती शूरवीरों की धरती हैं यहाँ पर हीरे के अपार भंडार हैं। महाराज छत्रसाल ने भी सोच समझकर पन्ना को राजधानी बनाया। उन्होंने कहा कि पन्ना के खास है यहाँ पूरे देश सबसे अच्छे हीरे पाए जाते हैं। जुगलकिशोर लोक बनने से श्रद्धालुजन दूर-दूर से आकर यहां दर्शन करेंगे जिससे पन्ना में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और नगर समृद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के दुश्मनों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और सेना ने दुश्मनों का खात्मा कर नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कार जी की 300वां जयंती चल रहा है। बनारस, सोमनाथ, द्वारकापुरी, गंगोत्री, बद्रीनाथ रामेश्वरम, मानसरोवर आदि देवस्थानों का अपने निजी व्यय से जीर्णोद्वार कराया मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना के गौरव दिवस के अवसर पर मैं मध्यप्रदेश सरकार की ओर से शुभकामनाएँ देता हूँ। उन्होंने महाराजा छत्रसाल एवं लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़क हदासों में अस्पताल पहुंचाने पर राह वीर योजना में मानवता के आधार पर 25 हजार का पुरस्कार सरकार देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा यदि बहन बेटी किसी कारण से विधवा हो जाती तो विधवा बहिनो की शादी के लिए 2 लाख दिये जाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा गौमाता के संरक्षण और रखरखाव के लिए सरकार गौशालाओं में प्रति गौमाता को आहार के लिये 20 से बढाकर 40 रुपए दिये जा रहे है। लाड़ली बहनों की राशि में भी सरकार बढ़ोतरी करते हुए आगामी 5 साल के अंदर 3 हजार रूपए प्रतिमाह करने जा रही है। जगन्नाथ यात्रा को धर्मस्व और धार्मिक न्यास में शामिल किया जाएगा। राज्य सरकार महाराजा छत्रसाल की जयंती मनायेगी। पाठ्यक्रमों में महाराजा छत्रसाल की जीवनी को शामिल कर उनकी वीरता और जीवन के पहलुओं से अवगत कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अजयगढ़ के अस्पताल का उन्नयन करने तथा जुगल किशोर महालोक में गोविंद मन्दिर, बलदाऊ मन्दिर, प्राणनाथ और जानकी मंदिर के विकास कार्यों में शामिल करने की घोषणा की। तालाबों के जीर्णोद्धार और स्टेडियम को पूर्ण करने सहित ब्रजपुर में नवीन कॉलेज खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने तय किया है की प्रदेश के नगरों में सभी जगह गीता भवन बनाए जाएंगे। गीता भवन में सभागार, लायब्रेरी आदि बनाई जाएगी। उन्होंने 131 नव विवाहित दंपत्तियों को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी। सरकार पशुपालन और गोपालन को बढ़ावा दे रही हैं, उन्होंने कहा एक ब्लॉक के अंदर एक आदर्श वृंदावन गांव बनाने का संकल्प हमारी सरकार ने लिया है। सांसद बीडी शर्मा ने पन्ना में मेडिकल कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज और आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की सौगात के लिये मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

## लाड़ली बहनों को आने वाले समय में तीन हजार रुपए की राशि दी जाएगी

**भोपाल।** केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड की धरती पंजाब हरियाणा को पीछे छोड़ेगी। कल्याणी विवाह योजना शुरू होगी लाड़ली बहनों को आने वाले समय में तीन हजार रूपए माह राशि दी जाएगी एवं किसान भाइयों को पांच रुपए में बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर जिले के गौरिहार में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्चुअली माध्यम से छतरपुर जिले को एक साथ कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात दी। जिसमें 184 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 92 विकासकार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 31 मई को भोपाल में देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर पधार रहे हैं, जिसमें प्रदेश की बहने अवश्य पधारे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी म.प्र. को मेट्रो ट्रेन, दो हवाई अड्डा सहित अन्य विकास कार्य समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में लाड़ली बहनों के लिए तीन हजार रूपए की राशि प्रत्येक माह प्रदान की जाएगी।

# पन्ना में लगातार हो रही वन्य जीवों की मौत पर शर्मा ने कहा लापरवाही बर्दाश्त नहीं, सीएम से की बात






**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही वन्यजीवों की मौतों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने साफ कहा है कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि सीएम के पन्ना में आयोजित कार्यक्रम के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा, पन्ना हमारी अमूल्य वन्यजीव संपदा का केंद्र है, और यहां लगातार वन्यजीवों की मौत होना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷इस मामले में जो भी जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्तर पर हुई लापरवाही को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी बात की है। उन्होंने कहा, मैंने मुख्यमंत्री जी को पन्ना में वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतों के बारे में अवगत कराया है और उनसे इस मामले में तत्काल और प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है। बता दें कि पिछले दो सप्ताह में पन्ना टाइगर रिजर्व और उसके आस-पास के क्षेत्रों में 4 वन्यजीवों जिनमे दो तेंदुए, एक भालू एवं एक बाघिन की मौत हो चुकी है।

# सभी ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सभी ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की उपलब्धता अमेंडेड भारत नेट अभियान शुरु किया जाएगा। इस अभियान के बेहतर क्रियान्वयन और निरंतर समीक्षा के लिए राज्य सरकार ने मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में अमेंडेड भारत नेट समिति का गठन किया है। भारत सरकार संचार मंत्रालय दूरसंचार विभाग नई दिल्ली के संचालक के मुताबिक केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अमेंडेट भारत नेट अभियान को अनुमति दी है। अभियान का मुख्य लक्ष्य देश के समस्त ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी देना है। इस अभियान के प्रदेश में संचालन और मानीटरिंग के लिए सीएस की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश में अमेंडेड भारतनेट समिति का गठन किया गया है। समिति में उर्जा विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव को सदस्य बनाया गया है। पंचायत राज संचालनालय के आयुक्त सह संचालक को भी सदस्य बनाया गया है। मुख्य महाप्रबंधक भारत संचार निगम को इस समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। यह समिति प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार अमेंडेड भारत नेट की बैठक करेगी और त्रिस्तरीय पंचायतों में इंटरनेट कनैक्टिविटी की समीक्षा करेगी।

# मप्र में 8 साल बाद विभागाध्यक्षों के वित्तीय अधिकारों में इजाफा

**भोपाल।** राज्य सरकार आठ साल बाद विभागाध्यक्षों के वित्तीय अधिकार बढ़ाने जा रही है। अब लेपटॉप खरीदने या फर्नीचर खरीदने विभागाध्यक्षों को वित्त विभाग को प्रस्ताव नहीं भेजना होगा। इसी तरह विभाग में प्रशिक्षु तैनात करने के लिए भी वे खुद निर्णय ले सकेंगे इसके लिए भी वित्त की अनुमति की जरुरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में गत कैबिनेट बैठक में वित्तीय अधिकारों का प्रत्यायोजन-वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2025 भाग एक में संशोधन किया गया है। बुक ऑफ फायनेंशियल पॉवर में संशोधन करके यह प्रावधान किया गया है। विभागाध्यक्षों को अब छोटे-छोटे खरीदी के मामलों में बार बार वित्त विभाग की अनुमति नहीं लेना पड़ेगी। वित्त विभाग ने महंगाई और विभागों की जरुरतों को देखते हुए विभागाध्यक्षों के वित्तीय पॉवर में इजाफा कर दिया है है। इसके पहले राज्य सरकार ने वर्ष 2012 में विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों के बजट खर्च करने के आदेश जारी किए थे। लेकिन मुद्रा स्फीति बढ़ने और महंगाई दर बढ़ने के साथ पूर्व में दिए गए वित्तीय अधिकार आज के समय में कम माने जा रहे है। इसलिए इसमें इजाफा किया गया है। इस संशोधन के बाद जनकल्याण के छोटे-छोटे कामों के लिए अपने स्तर पर खुद निर्णय ले सकेंगे।



## मुरैना जिले की बेटी हिमानी तोमर ने लेफ्टिनेंट बनकर प्रदेश को किया गौरवान्वित

**भोपाल।** देश व प्रदेश की बेटियाँ एवं महिलायें हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व क़ायम कर रही है। वीरभूमि के नाम से प्रसिद्ध मुरैना में सेना के क्षेत्र में अब तक बेटों का ही नाम सामने आ रहा था, लेकिन अब यहां की बेटियां भी सैन्य क्षेत्र में अपना योगदान दे रहीं हैं। हाल ही में अम्बाह के चांद का पुरा गांव की बेटी हिमानी ने सेना के पूना मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग में स्नातक पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर सेना में कमीशन्ड नर्सिंग आफीसर लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त किया है। लेफ्टिनेंट बनकर हिमानी ने न केवल अपने परिवार को बल्कि प्रदेश एवं चम्बल अंचल को भी गौरवान्वित किया है। हिमानी चांद का पुरा गांव के रिटायर्ड सूबेदार माधौ सिंह तोमर एवं श्रीमती सुमन तोमर की पुत्री, नायक विकास तोमर की बहन है। हिमानी को यह उपलब्धि पूना के कैप्टन देवाशीष कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड में आयोजित कमीशनिंग सेरेमनी परेड मैदान में हासिल हुई है। हिमानी ने अपनी प्राथमिक शिक्षा शांति निकेतन अंबाह से एवं 12 वी जवाहर नवोदय विद्यालय जौरा से प्राप्त की उसके कोटा एवं ग्वालियर से आगे की परीक्षायों की तैयारी की।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के स्मरण मात्र से मन गर्व और श्रद्धा से भर जाता है: उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में हुए शामिल



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना थी। उनके चरित्र के स्मरण मात्र से मन गर्व और श्रद्धा से भर जाता है। उनके द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्य सर्वदा याद किए जाते रहेंगे। लोकमाता के चरित्र का अनुसरण करने से व्यक्ति के मन में जो संस्कार आएंगे उससे वह वैसा ही व्यवहार करेगा और भारत को विश्वगुरू बनाने का संकल्प पूरा होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने माँ सरस्वती व लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि कृतज्ञ देश लोकमाता अहिल्याबाई का पुण्य स्मरण कर रहा है। उनकी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था, कौशल व धार्मिक प्रवृत्ति का लोहा सम्पूर्ण विश्व मानता है। स्टीवन गार्डन ने लोकमाता के बारे में अपनी राय देते हुए लिखा है कि वह न्यायप्रिय सुशासन व धर्म परायण शासक थीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ सहित अनेक ज्योतिर्लिंगों के मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य कर सनातन को दृढ़ता प्रदान की। जिससे हमारा देश मजबूत हुआ। उन्होंने धर्म की ध्वजा को सामने रखकर आंतरिक सुरक्षा को भी मजबूत किया। घाटों का निर्माण कराकर जल संरक्षण का संदेश दिया। शासक से सुशासक बनकर राजमाता लोकमाता बनीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश में राजमाता के विचारों का अनुसरण कर देश को समृद्धशाली बनाने का कार्य किया जा रहा है। आर्थिक समृद्धि के साथ कृषि के क्षेत्र में समृद्धशाली बनकर आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकॉनामी के तौर पर स्थापित हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी समर्पण भाव से देश के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा हमने अपनी आंतरिक सुरक्षा का भी लोहा मनवाया है। हमारे देश के सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधि मण्डल दुनिया में ऑपरेशन सिंदूर की कहानी बता रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आह्वान किया कि लोकमाता द्वारा स्थापित मापदण्डों को आत्मसात करें और 300 वर्ष पूर्व एक वीरांगना नारी द्वारा स्थापित मापदण्डों का स्मरण करें। कुलगुरू अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रो. राजेन्द्र कुड़रिया, कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल सहित विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, आचार्यगण, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं तथा प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## 2 करोड़ 63 लाख की लागत से निर्मित विद्युत उपकेन्द्र का किया लोकार्पण



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में विकास के सभी क्षेत्रों में तेज गति से कार्य किए जा रहे हैं। मीठे पानी की सुनिश्चितता के साथ ही बिजली की सुविधा व सड़कों के चौड़ीकरण के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा में 2 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से निर्मित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र पी.टी.एस. शहर संभाग रीवा का लोकार्पण किया। उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित समय से पूर्व विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना किए जाने की प्रशंसा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विद्युत उपकेन्द्र का फीता काटकर एवं शिलापट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि रीवा को प्रदेश के महानगरों में स्थान मिले और लोग यहाँ के विकास को उदाहरण के तौर पर देखें।

# लोक संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पांडेय का विशेष योगदान



**भोपाल।** सुश्री मान्या ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव सीधी जिले की राष्ट्रीय लोक गायिका एवं देश की सबसे छोटी लोक गायिका मान्या पांडेय का विंध्य क्षेत्र के लोक संगीत को आगे बढ़ाने एवं संरक्षित करने में विशेष योगदान रहा है। सुश्री मान्या पांडेय विंध्य क्षेत्र की एक मात्र ऐसी लोक गायिका हैं जो बहुत कम उम्र में देश भर में बघेली लोकगीतों को पहुंचा रही है। लोक गायिका सुश्री मान्या पांडेय 5 वर्ष की छोटी उम्र से मंचीय प्रस्तुति दे रही है। अब तक देश के विभिन्न प्रदेशों लगभग 422 मंचों में प्रस्तुति दे चुकी हैं। इसके साथ ही देश के विभिन्न राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक न्यूज चैनल्स में अपने लोकगीतों की प्रस्तुति दे चुकी हैं। बघेली लोकगीतों के साथ-साथ बुंदेली, अवधी, मैथिली, भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी लोकगीतों का अनुभव भी है। मान्या सीधी पर्यटन, सीधी पुलिस, नेशनल आर्टिस्ट यूनियन बिहार, झारखंड, उत्थान सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति सीधी-रीवा (म.प्र.) की ब्रांड एम्बेसडर भी रही हैं। कांसेप्ट कम्यूनिकेशन कंपनी मुंबई द्वारा मध्यप्रदेश माध्यम, म.प्र. शासन का उपक्रम के द्वारा इन्फ्लुएन्सर नियुक्त किया गया है। आपके द्वारा भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली, मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग भोपाल, स्वराज संस्था भोपाल, जनजाजीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी भोपाल, मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग भोपाल आदि शासकीय आयोजनों में सहभागिता के माध्यम से शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश के रीवा में ÷धरती कहे पुकार÷ कार्यक्रम में मान्या पाण्डेय ने प्रस्तुति दी, उक्त प्रस्तुति को प्रधानमंत्री ने 11 मिनट खड़े होकर कार्यक्रम को देखा और मान्या पाण्डेय की प्रसंशा की। मुख्यमंत्री एवं संस्कृति मंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया था। वर्ष 2015 से अब तक शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के द्वारा सुश्री मान्या पांडेय को लोकगायन पर उत्कृष्ट एवं विशिष्ट 238 सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

# UPI पेमेंट से लेकर क्रेडिट कार्ड के चार्ज तक, 1 जून से बदलने वाले हैं 5 बड़े नियम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मई खत्म होने को है,और जून की शुरुआत होने वाली है। हर महीने की शुरुआत में कुछ न कुछ नियमों में बदलाव होते हैं, जो आपके जेब पर असर डालते हैं। आज हम आपको 5 ऐसे ही बदलाव के बारे में बताने वाले हैं, जिससे आपके जेब पर असर होगा।

1. **LPG और CNG गैस की कीमतों में बदलाव:** हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी और सीएनजी गैस की कीमतों की समीक्षा होती है। इस बार भी 1 जून को कीमतों में बदलाव की संभावना है, जो आपके घरेलू बजट को प्रभावित कर सकता है।

2. **PI पेमेंट में तेजी:** 16 जून 2025 से यूपीआई पेमेंट और तेज होगा, लेकिन यह प्रक्रिया अप्रत्यक्ष रूप से 1 जून से प्रभावित हो सकती है क्योंकि बैंक और पेमेंट ऐप्स नए नियमों की तैयारी शुरू करेंगे। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने ट्रांजैक्शन रिस्पॉन्स टाइम को 30 सेकंड से घटाकर 15 सेकंड करने का निर्देश दिया है। इससे डिजिटल पेमेंट उपयोगकर्ताओं को तेज और बेहतर अनुभव मिलेगा।

3. **कोटक महिंद्रा बैंक के क्रेडिट कार्ड नियमों में बदलाव:** 1 जून 2025 से कोटक महिंद्रा बैंक अपने क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए नए चार्ज स्ट्रक्चर लागू करेगा। इसमें ऑटो-डेबिट फेल होने पर 2त्न चार्ज (न्यूनतम 450 रुपये, अधिकतम 5,000 रुपये), डायनेमिक करेंसी कन्वर्जन , यूटिलिटी बिल पेमेंट और एजुकेशन पेमेंट पर अतिरिक्त शुल्क शामिल हैं। हालांकि, यह नियम White Reserve, Kotak Solitaire, Kotak Infinite, Kotak Signature ¥õÚU Myntra Kotak Credit Card पर लागू नहीं होंगे। इससे क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं के खर्चों पर सीधा असर पड़ेगा।

4. **EPFO का नया वर्जन होगा लॉन्च:** सरकार EPFO का नया वर्जन EPFO 3.0 को 1 जून में ही लॉन्च कर सकती है। इसके लॉन्च होने से 9 करोड़ से अधिक ग्राहकों को बिना किसी परेशानी के ATM से भी EPF के पैसे निकाल सकेंगे।

5. **GST के इस खास नियम में होगा बदलाव:** 1 जून से GSTN में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अगले महीने से इनवॉइस नंबर अब केस-इंसेंसिटिव फर्क नहीं माना जाएगा। इस बदलाव के बाद ABC, abc सब एक जैसे होंगे।

## अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक का रायपुर हुआ शुभारंभ

# कुलपतियों की नियुक्ति में विलंब होना भारत के भविष्य की उपेक्षा है: शाही



**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक का शुभारंभ आज रायपुर छत्तीसगढ़ के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी और राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान ने दीप प्रज्ज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आरंभ में छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य तथा प्रचलित स्थानीय वाद्ययंत्रों के माध्यम से देशभर से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में आज 4 प्रस्ताव उपस्थित प्रतिनिधियों के सामने चर्चा के लिए पढ़े गए, इन प्रस्तावों में देश में कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण व नियमन हो सुनिश्चित, कुलपतियों की नियुक्ति में विलंब, राजनैतिक हस्तक्षेप व कानूनी विवाद में विश्वविद्यालयों में बढ़ती अस्थिरता चिंतनीय, भारत की आंतरिक सुरक्षा हेतु सरकार एवं समाज का सजग होना आवश्यक, वैश्विक व्यवस्था में भारत की बहुआयामी पहल जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। इन प्रस्तावों पर आगामी 2 दिनों तक विस्तार से मंथन होगा तथा 31 मई को इन्हें पारित किया जाएगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही ने राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक के उद्घाटन अवसर पर कहा कि पहलगांव में जो आतंकी हमला हुआ वह मानवता के इतिहास को कलंकित करने वाला था। हम अहिंसा के पुजारी हैं किंतु हिंसा का प्रतिकार करना हमारी प्रतिबद्धता है। जिसका परिचय भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया। वर्तमान समय में कुलपतियों की नियुक्ति में विलंब होना भारत के भविष्य की उपेक्षा है। हमारे यहां शिक्षा का उद्देश्य अन्नमय कोश से आनंदमय कोश तक जाता है। हमें शिक्षालय को रचनात्मक और आकर्षक बनाना होगा, जिससे विद्यार्थी अपने सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ सके। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की यह राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श द्वारा एक सकारात्मक बदलाव की दिशा दिखाने वाली होगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की कार्यप्रणाली निरंतर नए सूत्रों को समाहित कर समाज-जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की ध्येय यात्रा में आगे बढ़ रही है। देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में वामपंथी तथा नकारात्मक शक्तियों का छात्रों के साथ मिलकर एबीवीपी ने मुखरता से प्रतिकार किया है। एक तरफ हमारी सेना आतंकवादियों को ध्वस्त कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता वामपंथियों के गढ़ को। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण इस वर्ष का जेएनयू छात्रसंघ चुनाव है। शिक्षा क्षेत्र में छात्रों को एक महत्वपूर्ण हितधारक के रूप में उनके मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए तथा वर्तमान परिदृश्य में युवानुकूल बदलाव लाने हेतु एक साथ प्रयास करने चाहिए।

संपादकीय

## संसद के विशेष सत्र से देश को क्या मिलेगा?

पाकपरस्त आतंकवाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर खूब सियासत हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी शहर-शहर जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। खूब तालियां और नारेबाजी बटोर रहे हैं। विपक्ष और खासकर कांग्रेस सारूप्य में 'ऑपरेशन सिंदूर' और मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम करार दे रही है। विपक्ष की व्याख्या है कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत अकेला रहा, जबकि पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्किये, अजरबैजान आदि देश सक्रिय रूप से जुड़े रहे। विपक्ष सेना के शौर्य, पराक्रम और प्रहारों की प्रशंसा कर रहा है, लेकिन सरकार को हर स्तर पर नाकाम आंक रहा है। सरकार और सेना को विभाजित कैसे किया जा सकता है? सेना भी सरकार का ही हिस्सा है और राजनीतिक नेतृत्व के निर्देश पर ही काम करती है। क्या कांग्रेस, तृणमूल, सपा, शिवसेना (उद्धव) और वामपंथी दल इसीलिए संसद के विशेष सत्र की मांग कर रहे हैं, ताकि उनके सवालों पर विमर्श को केंद्रित किया जा सके और वे शब्द संसदीय रिकॉर्ड में दर्ज किए जा सकें? ताकि विपक्ष प्रधानमंत्री समेत सत्ता-पक्ष की घेराबंदी कर सकें? बेशक संसद के आपातकालीन सत्र के खिलाफ नहीं हैं, संसद लोकतंत्र का अंतिम और निर्णायक मंच है, लेकिन उस सत्र से देश को हासिल क्या होगा? विपक्ष वही सवाल संसद में भी दोहरा सकता है, जो अब भी कर रहा है और मीडिया में चिल्ल-पौं भी जारी है। ऐसी ही सियासत के लिए संसद सत्र हर रोज नहीं बुलाए जा सकते। मानसून सत्र एक माह दूर ही है। संसद सत्र की कार्यवाही पर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है। बहुत से निष्कर्ष अभी हासिल किए जाने हैं। बेशक विपक्ष के विरोध का केंद्र प्रधानमंत्री मोदी ही हैं और विरोध के मद्देनजर फर्जी नेरेटिव भी गढ़े जा रहे हैं। सत्ता-पक्ष 1947-48 के दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की ऐतिहासिक गलतियों को दोहराएगा और बाद में प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी की नाकामियों को भी गिनाएगा। आखिर इतिहास पर रोने-धोने से देश को हासिल क्या होगा? देश के सामने अर्द्धसत्य ही आएंगे, क्योंकि उस दौर की पीढ़ी तो लगभग दिवंगत हो चुकी है। इतिहास पूर्वाग्रहों पर आधारित है। दरअसल आज नेहरू-इंदिरा के नाम पर वोट भी नहीं मिलते। सवाल है कि एक सशस्त्र ऑपरेशन चलाने, आतंकियों के 9 प्रमुख अड्डे मिट्टी-मलबा कर देने और 172 आतंकियों को ढेर कर देने के निष्कर्ष के तौर पर चंद सवाल ही पूछे जा रहे हैं कि देश को क्या मिला? यह सब कुछ अनर्गल है। बहरहाल सियासत के प्रतीक के तौर पर अब 'सिंदूर' मिल गया है। भाजपा भी घर-घर जाकर महिलाओं को उपहार के तौर पर 'सिंदूर' बांटेगी। क्या सिंदूर कोई भी, किसी भी समय, बांट सकता है अथवा यह वैवाहिक रस्मों की एक पवित्र प्रक्रिया है? भाजपा ने 9 जून से एक माह का राष्ट्रीय अभियान शुरू करना तय किया है।

# भारत के लिए युद्ध हमेशा अंतिम विकल्प है



डॉ. राघवेन्द्र शर्मा

भारतीय सनातन सभ्यता में ऐसे कई प्रसंग एक जैसे दर्ज हैं, जिन्हें देखकर और पढ़कर ऐसा प्रतीत होता रहा है मानो इतिहास स्वयं को दोहरा रहा हो। अनेक कालखंडों में, दशकों में, सदियों में और युगों में, हमने कई घटनाएं ऐसी पढ़ी हैं, जिनके अध्ययन उपरांत ऐसा लगता है जैसे आज जो हमारे रूबरू है उसे पहले भी कहीं और पहले भी देखा जा चुका है। उदाहरण के लिए हम भारत और पाकिस्तान के बीच स्थाई रूप से व्याप्त बने हुए तनाव को ले सकते हैं। आजादी के बाद से लेकर अब तक पाकिस्तान जो कुछ भी कर रहा है और भारत की ओर से जिस प्रकार से संयम, धैर्य का प्रदर्शन किया जा रहा है, यह हमें द्वापर युगीन कौरवों की अति और भगवान कृष्ण की सहृदयता का स्मरण कराता है।

जब कौरवों के षड्यंत्रों को पूरी तरह विफल करते हुए पांडव अपना अधिकार प्राप्त करने हेतु प्रयासरत थे। तब उनके नेतृत्वकर्ता के रूप में भगवान कृष्ण ने यह निर्णय लिया कि हमें अंत तक युद्ध के अलावा उपलब्ध सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए। ऐसा ही हुआ, भगवान कृष्ण ने शांति दूत के रूप में हस्तिनापुर गमन किया और वहां उपस्थित दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र सहित समस्त कुरुवंशियों को अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का सहज समाधान नहीं हो सकता। इससे राज सत्ता पर अधिपत्य जमाए रखने की आकांक्षा पाले बैठे लोगों की तुष्टि भले ही होती हो, लेकिन अनिष्ट प्रजा का ही होता है। दोनों ही पक्ष की सेनाओं के हजारों लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। उनसे अधिक लोग सदा के लिए अपंग हो जाते हैं। फल स्वरूप मानव समाज को युगों युगों तक उस अपराध का असहनीय दंड भुगतना होता है, दरअसल जो उन्होंने किया ही नहीं होता। अतः टकराव का रास्ता छोड़ते हुए कुरु वंश को पांडवों का सम्मान बनाए रखना चाहिए। भगवान कृष्ण ने राजसभा में मौजूद प्रजा के गणमान्य प्रतिनिधियों और कुरु वंश के सामर्थ्यवान पदाधिकारियों को भी यह सीख दी कि वे दुर्योधन और धृतराष्ट्र की अपवित्र महत्वाकांक्षाओं को समझें और उन्हें पाप पूर्ण कृत्य करने से रोकें। ताकि युद्ध के रूप में आसन्न अनिष्ट एवं अनर्थ को रोका जा सके। सभी सामर्थ्यवान प्रबुद्ध जन चुपचाप बने रहे। वहीं काल के वशीभूत, अपने अनर्थ से अपरिचित दुर्योधन ने जब उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया और भगवान कृष्ण को ग्वाला, गायों को चराने वाला, आदि शब्दों से असम्मानित करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दे डाला, तब यह तय हो गया कि अब कुरुवंशियों को काल के गाल में समाने से कोई नहीं रोक सकता। समूचा ब्रह्मांड जानता है कि केवल और केवल दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र की हठ धर्मिता के चलते महाभारत का युद्ध हुआ और उसमें लाखों लोग अकारण ही काल के गाल में समा गए। अंततः जीत सत्य स्वरूप श्री कृष्ण के सानिध्य में सज्ज पांडवों की ही हुई।

वर्तमान परिवेश में देखें तो भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति कुरु वंश और पांडवों जैसी ही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार पाकिस्तान और वहां के हुक्मरानों को चेतावनी दे रहे हैं कि अंततः युद्ध विनाश का कारण होता है। जबकि वहां के हुक्मरान और सेना प्रमुख हमारे प्रधानमंत्री के वक्तव्यों की ठीक उसी प्रकार अनदेखी कर रहे हैं, जैसे हस्तिनापुर की राजसभा में दुर्योधन ने भगवान कृष्ण के प्रति असम्माननजनक व्यवहार का प्रदर्शन किया था। श्री मोदी जानते हैं कि पाकिस्तानी राजनेता और वहां की सेना भारत विरोधी एजेंडे को ही लंबे समय तक सत्ता पर काबिज बने रहने का जरिया मान कर बैठे हुए हैं। यही कारण है कि उन्होंने पाकिस्तानी अवाम का भला चाहते हुए उसे भी आगाह किया है कि वह अपना भला बुरा समझे और दुनिया भर में आतंकवाद को निर्यात करने वाले वहां के नेताओं, हुक्मरानों तथा सेना की नापाक हरकतों को पहचानें, समय रहते उन्हें वास्तविकता का एहसास कराते हुए उन्हें भारत में आतंकवाद निर्यात करने के गलत रास्ते पर जाने से रोकें। यदि पाकिस्तानी अवाम के ईमानदार प्रयास हुए तो संभव है वह आने वाले समय में भारतीय सदाव्यता के चलते भुखमरी, कंगाली और निकट भविष्य में सन्निद्ध गृह युद्ध जैसी विभीषिका से स्वयं को बचा सकेगा। अब निर्णय पाकिस्तान को करना है कि उसे अपनी अवाम का पेट भरने के लिए रोटी की उपलब्धता उचित लगती है या फिर भारतीय सेना की गोलियों से मरना ज्यादा अच्छा लगता है।

यहां कुछ-कुछ प्रसंग सीख के रूप में हम रामायण युगीन घटनाओं से भी ग्रहण कर सकते हैं। उस कालखंड में भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने उस स्थिति में भी लंका वासियों का भला करने का और उन्हें अनिष्ट से बचाए रखने का हर संभव प्रयास किया था, जबकि वहां का राजा रावण उनकी धर्मपत्नी सीता जी का अपहरण करने का पाप कर चुका था। भगवान कृष्ण के सानिध्य में सज्ज पांडव और प्रभु श्री राम की कृपा में तैनात वानर दल किसी भी दृष्टि से पाप पूर्ण कृत्यों में संलग्न शत्रु पक्ष का अनिष्ट करने में कमजोर नहीं थे। संकल्प मात्र से ही दुष्टों को नाश करने का सामर्थ्य उन्हें सहज ही प्राप्त था। लेकिन प्रभु श्री राम ने भी पहले हनुमान जी को लंका भेजा, जिन्होंने लंका जलाने से पहले रावण को बार-बार समझाया कि वह युद्ध को हर हाल में टालने का हर संभव प्रयास करे। इसी में राक्षस जाति की भलाई है। जब समुद्र पर सेतु बन गया। युद्ध को आतुर वानर सेना लंका के समक्ष हुंकार भरने लगी। तब प्रभु श्री राम ने एक बार फिर लंका को विनाश से बचाने का रास्ता खोजा और अंगद को शांतिदूत के रूप में प्रेषित किया। जैसा कि हमारे धर्म ग्रंथ बताते हैं, रावण के सिर पर भी काल मंडरा रहा था। सो उसे सामने खड़ा सत्य भी समझ नहीं आ रहा था, या फिर यू कहा जाए कि वह समझना ही नहीं चाहता था। बात त्रेता युग की हो या फिर द्वापर की, पाप पूर्ण कृत्यों में संलग्न पक्ष ने सत्य के मार्ग पर अडिग, धर्म परायण, सामर्थ्यवान, सज्जनों की सहृदयता को कमजोरी ही समझा और स्वत-ही मृत्यु के भोज्य बन बैठे।

हाल ही में जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी गुजरात के प्रवास पर गए तब उन्होंने भुज की पवित्र भूमि से भारत और पड़ोसी देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के ऐसे प्रयास हैं, जिनके माध्यम से हमने आतंकवादियों का तो नाश किया, उनके प्रशिक्षण कैंपों को भी ध्वस्त किया। सामरिक महत्व के जिन एयर बेसों को देखकर पाकिस्तानी हुक्मरान और वहां की सेना फूली नहीं समा रही थी, उन्हें तहस नहश किया। लेकिन पाकिस्तानी अवाम के एक भी व्यक्ति को खरोच तक नहीं आने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे अचूक प्रहार और भारतीय आयुधों की पहुंच यह स्पष्ट करती है कि पाकिस्तान का कोई भी भूभाग भारतीय सेना के लक्ष्य से कतई दूर नहीं है। आशय स्पष्ट है, हमारा विरोध आतंकवाद से और आतंकवाद को पोषित करने वाली पाकिस्तानी सेना तथा वहां के हुक्मरानों से है। उन्होंने पहलगाम में जो नापाक हरकत की थी, इसका माकूल जवाब उन्हें उनके घर में घुसकर दिया जा चुका है। यदि इसके बावजूद भी पाकिस्तान नहीं सुधरा, उसने भारत में आतंकवादियों को भेजना बंद नहीं किया तो फिर अब उसकी इन हरकतों को भारतीय सेना पाकिस्तानी सैन्य अपराध के रूप में ही दिखेगी और उसका समूल नाश करने के लिए सदैव तैयार है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और समूची दुनिया की आशाओं के केंद्र बिंदु श्री नरेंद्र मोदी की इस दूरदर्शिता की तारीफ चहुं ओर हो रही है। विश्व के जो शांति पसंद देश हैं वे जानते हैं कि युद्ध से किसी का भला नहीं हुआ। इसे सदैव ही अंतिम विकल्प के रूप में देखा जाना चाहिए। और अधिक व्यापकता के साथ समझने के लिए रूस - यूक्रेन और इजराइल - फिलिस्तीन के बीच चल रहे युद्धों को अध्ययन स्वरूप देखा जा सकता है। इनमें से पहला युद्ध एक देश के सामरिक ठिकानों और अन्य कीमती धरोहरों पर कब्जा जमाए जाने को लेकर चल रहा है। इसमें पश्चिमी देशों और अमेरिका की कुटिल चालों को भी बारीकी से समझने की आवश्यकता है। दोनों देश इतना आगे निकल चुके हैं कि एक सामर्थ्यवान होने के चलते वापस नहीं लौट सकता। तो दूसरे से शांति की कीमतें वसूल करने की चालें चली जा रही हैं। दूसरा युद्ध विशुद्ध आतंकवाद के खिलाफ है। जैसे भारत के पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों की हत्याएं कीं, वैसे ही इजराइल में हमास के आतंकवादियों ने महिलाओं, बूढ़ों, बच्चों को चुन चुन कर मारा। भावावेश में इजरायल पहले हमास और फिर उसके दुनिया भर में व्याप्त हिमायतियों से उलझता चला गया तथा अभी तक उलझा हुआ है।

भारत के शत्रु देश और दुनिया के स्वयंभू ठेकेदार हमें और हमारी सेना को भी युद्ध के सुनियोजित जाल में उलझाने की तैयारी कर चुके थे। लेकिन दूरगामी परिणामों को पूर्व में ही भांप लेने की योग्यता रखने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से यह षड्यंत्र छुप ना सका। उन्होंने पहलगाम का बदला भी लिया और कुछ ही घंटों में मामले को अंजाम तक पहुंचा कर दुश्मन को सफेद झंडा लहराने को विवश कर दिया।

पाकिस्तान इस दंडात्मक प्रक्रिया से हुए नुकसान और विश्व बिरादरी में हुई किरकिरी के बाद इन घटनाओं से सबक लेगा, इसकी संभावनाएं तो कम ही हैं फिर भी हमारी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि उसे सद्बुद्धि प्राप्त हो ताकि वह भारत का बुरा करने के सपने देखने की बजाय अपना और अपनी अवाम का भला करने के बारे में सोचना शुरू कर दे। क्योंकि इसी में पाकिस्तान और वहां की आवाम की भलाई निहित है। आगे स्वयं पाकिस्तान को निश्चित करना है कि उसे रोटी चाहिए या फिर भारतीय सेना की गोली।

**लेखक - स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# ट्रंप के बेतुके फैसले



राकेश दुबे

अपने बेतुके फैसलों व टैरिफ वार से तमाम अर्थव्यवस्थाओं को हिलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की वक्र दृष्टि अब अमेरिका के नामी-गिरामी विश्वविद्यालयों पर है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र होने का दंभ भरने वाले अमेरिका में विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का गला घोंटा जा रहा है। अब अमेरिका में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाले भारत व दुनिया के तमाम देशों के छात्रों के लिये ट्रंप प्रशासन ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।

हाल के दिनों में प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालयों पर मनमाने फैसले थोपे व कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए, जो विश्वविद्यालयों के परिसरों में अभिव्यक्ति की आजादी पर नकेल कसने की ही कवायद थी। दलील दी गई कि फलस्तीन का समर्थन करने वाले छात्र-छात्राओं की सूचना ट्रंप प्रशासन को दी जाए। इन्हीं बंदिशों के बाद अब ट्रंप सरकार ने दुनियाभर के अपने दूतावासों को स्टूडेंट वीजा की प्रक्रिया बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप सरकार की दलील है कि पहले आवेदक छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट की गहरी जांच की जाएगी। इस योजना पर काम चल रहा है। दरअसल, अमेरिकी सरकार द्वारा स्टूडेंट वीजा के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच तेज की जाएगी। इस फैसले से भारत समेत तमाम देशों के छात्रों की अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के सपने को आंच आ सकती है। अमेरिका सरकार इसके माध्यम से उन छात्रों के आवेदन को खारिज करने की तैयारी में है जिनके सोशल मीडिया अकाउंट में ट्रंप या अमेरिका की नीतियों की आलोचना की सामग्री होगी। जाहिर है ऐसे छात्रों को अमेरिका के विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं दिया जाएगा।

एक अनुमान के मुताबिक साल 2023-24 में करीब तीन लाख से अधिक भारतीय छात्र अध्ययनरत थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिये हजारों भारतीय प्रतिभाएं हर साल अमेरिका का रुख करती हैं। अमेरिका के इस फैसले से उन छात्रों को दिक्कत होगी जो इस साल अगस्त से शुरू होने वाले सत्र का हिस्सा बनना चाह रहे थे।

दरअसल, अमेरिका सरकार द्वारा अपने दूतावासों को कहा गया है कि वीजा के लिये पेश किए गए नये आवेदनों को रोक दें। उन पर सोशल मीडिया खातों की जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। यहां उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पहले से पढ़ रहे सैकड़ों छात्रों के वीजा इस आरोप के बाद निरस्त कर दिए कि उन्होंने इस्राइल विरोधी आंदोलन में शिरकत की थी। इनमें वे छात्र भी शामिल थे जिन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फलस्तीनियों के पक्ष में पोस्ट डाली थी। सरकार की दलील थी कि इन छात्रों को पढ़ाई के लिये वीजा मिला था न कि राजनीतिक मुद्दों में सक्रियता के लिये।

कई भारतीय छात्र भी इस फैसले की चपेट में आए हैं। इसके चलते ही अमेरिकी दूतावासों को वीजा आवेदन करने वालों के सोशल अकाउंट की स्क्रीनिंग के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद छात्रों की गतिविधियों में अमेरिकी नीतियों का विरोध न होने पर वीजा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस स्क्रीनिंग में इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स, लिंक्डइन, टिकटॉक आदि सोशल मीडिया अकाउंट को शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, वीजा पर सख्ती के अलावा पहले से अमेरिका में पढ़ रहे छात्रों के लिये नियम सख्त किए जा रहे हैं। यहां तक चेतावनी दी गई है कि नियमित कक्षाओं में न जाने वाले तथा ड्राप आउट का विकल्प चुनने वाले छात्रों के वीजा भी रद्द किए जा सकते हैं। उन्हें अपने सोशल मीडिया अकाउंट में अमेरिकी नीतियों की आलोचना करने से बचने की नसीहत दी गई है। दलील दी जा रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ट्रंप की विश्वविद्यालयों के आजादी में दखल के खिलाफ प्रतिरोध के सुर भी अमेरिका में उभर रहे हैं। कई अदालतों ने विश्वविद्यालयों के पक्ष में स्थगन आदेश दिए हैं। अपने फैसलों की किरकिरी होते देख ही ट्रंप प्रशासन ने आने वाले छात्रों के लिये सख्त नियम लागू किए हैं। साथ ही कई विश्वविद्यालयों की आर्थिक मदद भी रोकी है। बहरहाल, विवाद का कोई समाधान फिलहाल नजर नहीं आता।

# संवाद और संचार की दुनिया में बज रहा हिंदी का डंका



प्रो.संजय द्विवेदी



कोलकाता से 200 साल पहले जब पं.युगुलकिशोर शुक्ल ने हिंदी का पहला पत्र 30 मई,1826 को प्रारंभ किया होगा, तो उन्होंने यह सोचा भी न होगा कि हिंदी पत्रकारिता देश की आवाज बन जाएगी।? वह इस महान देश के सपनों, आकांक्षाओं, संघर्षों, आंदोलनों, दुखों और आर्तनाद की सबसे प्रखर भाषा की वाहक बनेगी। हिंदी पत्रकारिता के पहले संपादक का सपना था, हमारी पत्रकारिता हिंदुस्तानियों के हित के हेत हो। यह वाक्य उन्होंने अपने पहले संपादकीय में लिखा और हमें हमारा संकल्प बता दिया। हमारी कृतघ्नता देखिए कि इस महान नायक की स्मृति में देश में कोई स्मारक नहीं है। न कोलकाता में, न ही उनकी जन्मस्थली पर। अपने पुरखों के प्रति हम कितने लापरवाही से भरे हुए हैं, उसका उदाहरण है कि शुक्ल जी का कोई चित्र हमारे पास नहीं है। इसलिए उदंत मार्तण्ड का पृष्ठ लगाकर उन्हें याद करते हैं। हद तो तब हो गई जब दो-तीन वर्षों से युगल किशोर शुक्ल के नाम पर हिंदी पत्रकारिता दिवस पर अनेक अखबारों में साहित्यकार श्री शिवपूजन सहाय के चित्र छापे जा रहे हैं।आज भी गूगल में सर्च करने पर शुक्ल जी के नाम पर सहाय जी का चित्र आंखों के सामने तैरता है। मैंने भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) में अपनी पदस्थापना के दौरान वहां के पुस्तकालय और वाचनालय का नामकरण शुक्ल जी के नाम पर किया। वह देश में उनकी स्मृति में पहला स्मारक था। यह तो रही हमारी स्मृति हीनता की बात। लेकिन शुक्ल जी रोपा पौधा आज लहलहा रहा है।

### देश की आवाज

हिंदी पत्रकारिता देश की सबसे खास आवाज बन चुकी है। इसके साथ ही संचार और संवाद की हिंदी सबसे खास भाषा है। सिर्फ पत्रकारिता से नहीं अपने विविध माध्यमों पर उपलब्ध कंटेंट से हिंदी को बड़ा आधार मिला है। रजिस्ट्रार आफ न्यूजपेपर्स फार इंडिया (आर एन आई) 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 1 लाख, 47 हजार से अधिक पत्र-पत्रिकाएं पंजीकृत हैं, जिनमें 45 प्रतिशत हिंदी के हैं। इंडियन रीडरशिप सर्वे की मानें तो हिंदी अखबारों की पाठक संख्या 38 करोड़ से अधिक है। भारत में 750 से अधिक टीवी चैनल हैं , जिनमें 35 प्रतिशत हिंदी के हैं। ये आंकड़े बताते हैं हिंदी पत्रकारिता ने एक लंबी यात्रा में अपना सामाजिक आधार विस्तृत किया है।

### डिजिटल दुनिया में राज कर रही हिंदी

हिंदी पत्रकारिता का विस्तार अब डिजिटल दुनिया में भी संभव हुआ है। डिजिटल का सूरज कभी डूबता नहीं और जो डिजिटल पर है,वह ग्लोबल होने की संभावना से भरा हुआ है। इस दुनिया में भी हिंदी का डंका बज रहा है। गूगल और केपीएमजी की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि भारत में इंटरनेट उपभोक्ता अब 85 करोड़ से अधिक हैं। इनमें 70 प्रतिशत भारतीय भाषाओं, विशेषकर हिंदी में सामग्री पढ़ना,सुनना, देखना चाहते हैं।हिंदी डिजिटल का बाजार हर साल 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। 2024 के आंकड़े बताते हैं कि 75 प्रतिशत से अधिक वीडियो कंटेंट हिंदी और भारतीय भाषाओं में देखे जा रहे हैं। नए समय में ए-आई, भाषा माडल्स और वायस टू टेक्स्ट तकनीक से हिंदी कंटेंट को बहुत बढ़ावा मिल रहा। कल तक हिंदी टेक्स्ट को पढ़ने में कठिनाइयां महसूस कर रहे लोग दुनिया भर में हिंदी कंटेंट को सुन और देख रहे हैं। 2016 में डिजिटल माध्यम पर हिंदी पढ़ने वालों की संख्या 5.5 करोड़ थी, जो 2025 में बढ़कर 15.6 करोड़ होने का अनुमान है।

### सोशल मीडिया पर भी दमदार उपस्थिति

हिंदी में हर माह 10 अरब घंटे से ज्यादा वीडियो देखे जाने का आंकड़ा बताता है भाषा का विस्तार, शक्ति और गहराई क्या है। देश में यूट्यूब के उपयोगकर्ताओं की संख्या 50 करोड़ से ऊपर है, जो इसे संभव बनाते हैं। भारत में इंस्टाग्राम के 30 करोड़ उपयोगकर्ताओं ने संचार की दुनिया में गहरा हस्तक्षेप किया। इंस्टा पर हिंदी रील्स की औसत व्यूवरशिप अंग्रेजी के मुकाबले दोगुनी से अधिक है। यूट्यूब और इंस्टा पर हिंदी कंटेंट बनाने वालों की संख्या भी 2020 के मुकाबले दोगुनी हो गई है। वायस सर्च में हिंदी का उपयोग उसे विस्तार दे रहा है।

### ओटीटी पर हिंदी राज

कोरोना में मनोरंजन संचार की सबसे बड़ी घटना थी। ओटीटी कंटेंट का विस्तार और स्वीकार। आज भारत में यह लगभग 23,000 करोड़ रुपए का बाजार है। अनुमान है कि 2027 तक यह 40,000 करोड़ का हो जाएगा। भारत में ओटीटी के 50 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं, जिनमें 70 से अधिक हिन्दी भाषी हैं। कंपनियां सबसे ज्यादा ओरिजनल कंटेंट हिंदी में बना रही हैं। समग्रता में देखें तो 1826 में एक पत्र चलाना कितना कठिन था। शुक्ल जी उसे दो साल भी नहीं चला सके। आज इतने सारे संचार माध्यमों पर राज कर रही हिंदी का विस्तार देखकर उनकी आत्मा निश्चित ही प्रसन्न होकर संचार के साधकों पर आशीर्वाद की वर्षा कर रही होगी। अब जबकि हम हिन्दी पत्रकारिता के 200 साल पूरे करने जा रहे हैं, तो हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने सभी संचार माध्यमों को ज्यादा जनपक्षधर, मानवीय, संवेदनशील, अश्लील सामग्री मुक्त और विमर्श का केंद्र बनाएं।

(लेखक भारतीय जन संचार संस्थान आईआईएमसी नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक यह लेखक के निजी विचार हैं )

हिंदी पत्रकारिता दिवस

# हिंदी पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, मिशन बनाना होगा



ललित गर्ग

भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, नये बनते भारत में यह भूमिका अधिक महसूस की जा रही है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज़ उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुँचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, दरअसल दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर दूर तक मात्र अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी ÷कलकत्ता÷ से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। भले ही अब यह समाचार पत्र बंद हो गया है, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत और बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में हिंदी के अनेक दैनिक समाचार पत्र निकले जिनमें हिन्दुस्तान, भारतोदय, भारतमित्र, भारत जीवन, अभ्युदय, विश्वमित्र, आज, प्रताप, विजय, वीर अर्जुन आदि प्रमुख हैं। बीसवीं शताब्दी के चौथे-पांचवें दशकों में अमर उजाला, आर्यावर्त, नवभारत टाइम्स, नई दुनिया, जागरण, पंजाब केसरी, नव भारत आदि प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र सामने आए। लोकतंत्र में मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में खड़ा है, पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हम देश की वर्तमान स्थिति से अवगत रहते हैं। पत्रकार अथक परिश्रम करते हैं, ताकि समाचार हमारे घर तक तुरंत पहुंचे।

हिन्दी पत्रकारिता में क्रांतिकारिता का रंग गणेश शंकर विद्यार्थी ने भरा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से 9 नवंबर 1913 को 16 पृष्ठ का 'प्रताप' समाचार पत्र शुरू किया था। यह काम शिव नारायण मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, नारायण प्रसाद अरोड़ा और कोरोनेशन प्रेस के मालिक यशोदा नंदन ने मिलकर किया था। शिव नारायण मिश्र और गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'प्रताप' को अपनी कर्मभूमि बना लिया। विद्यार्थीजी के समाचार पत्र प्रताप से क्रांतिकारियों को काफी बल मिला। मुंशी प्रेमचंद महान् लेखक-कहानीकार होने के साथ-साथ हिन्दी के क्रांतिकारी एवं जुझारू पत्रकार थे, उनकी पत्रकारिता भी क्रांतिकारी थी, लेकिन उनके पत्रकारीय योगदान को लगभग भूला ही दिया गया है। जंगे-आजादी के दौर में उनकी पत्रकारिता ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ललकार की पत्रकारिता थी। वे समाज की कुरीतियों एवं आडम्बरों पर प्रहार करते थे तो नैतिक मूल्यों की वकालत भी करते थे। मेरा सौभाग्य है कि मैं राजस्थान के यशस्वी पत्रकार स्व. श्रीरामस्वरूप गर्ग के पुत्र होने के नाते विरासत में पत्रकारिता के मूल्यों को आत्मसात करने का मौका मिला। उन्होंने 1936 एवं उसके बाद के दौर में 'राष्ट्रवाणी' एवं 'परिवर्तन' जैसी पत्रिकाओं का प्रकाशन एवं सम्पादन किया।

आज जबकि हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।' उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए हिन्दी पत्रकारिता को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन तलवार से भी धारदार कलम इसीलिये इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता कई संकटों का सामना कर रहे हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, साम्प्रदायिकता एवं अंधधार्मिकता, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच हिन्दी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। हिन्दी पत्रकारिता कभी मिशन था, आज व्यवसाय बन गया है। आजादी के आंदोलन तक मिशन रहा। धीरे-धीरे इसमें व्यापारी आने लगे। औद्योगिक घराने उतर गए। इनका उद्देश्य समाज सेवा नही रहा, व्यापार हो गया। ये व्यापार करने लगे। वह छापने लगे जिससे इन्हें लाभ हो। डिजिटल युग में टीआरपी और व्यूज़ ही सफलता का पैमाना बन गए हैं। गंभीर पत्रकारिता की जगह सनसनीखेज खबरें, गॉसिप, और 'डिबेट तमाशों' ने ले ली है। तथ्य की जगह धारणा, विश्लेषण की जगह उत्तेजना, और संवाद की जगह शोर ने कब्जा कर लिया है। एंकर शोर मचाकर चीखकर पाठकों को आकर्षित करन में लगे हैं। हिन्दी पत्रकारिता ऐसी अनेक चुनौतियों एवं विसंगतियों का सामना कर रही है। बीते कुछ वर्षों में पत्रकारिता का स्तर चिंताजनक रूप से गिरा है, जबकि पत्रकारों की प्रसिद्धि, प्रभाव और पहुंच पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। यह विरोधाभास क्यों? पत्रकार बड़े होते जा रहे हैं, पर पत्रकारिता एवं उसके मूल्य-मानक क्यों सिकुड़ रहे है? आज फेसबुक पत्रकार, न्यूज पोर्टल चलाने वाले पत्रकार, यूट्यूब चैनल चलाने वाले पत्रकारों की देश में बाढ़ सी आ गई है। टीवी पत्रकारिता का वर्चस्व बढ़ रहा है, बड़े एवं बहु-संस्करणों के दैनिक अखबार भी तेजी से बढ़ रहे हैं। आन लाइन समाचार पत्रों की रोज गिनती बढ़ती जा रही है। जिसे देखो पत्रकारिता कर रहा है। इतना सब होने के बावजूद पिछले कुछ साल में खबर एवं हिन्दी पत्रकारिता की विश्वसनीय घटी है। पत्रकारिता का स्तर गिरा है। पत्रकार का सम्मान घटा है। पहले माना जाता कि अखबार में छपा है तो सही होगा, किंतु मीडिया में आई खबर की आज कोई गारंटी देने को तैयार नहीं। पहले हिन्दी पत्रकारिता वैचारिक-क्रांति होती थी, आज खबर प्रधान बन गयी है, विचार लुप्त है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब उसे व्यवसाय नहीं, मिशन के तौर पर नये व्यक्ति, नये समाज, नये राष्ट्र का प्रेरक बनायेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर

प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# शराब दुकान द्वारा गंदगी करने पर 5 हजार 500 का जुर्माना



**सांध्य प्रकाश,इटारसी।**, नगरपालिका सीएमओ रितु मेहरा ने शराब दुकानों द्वारा गंदगी फैलाने पर जुर्माना लगाया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बस स्टैंड मुख्य बाजार स्थित कलारी, 28 नम्बर दुकान बैल बाजार एवं राज टॉकीज के पास मौजूद शराब दुकानों पर गंदगी को लेकर जुर्माना की कार्रवाई की गई है। शराब दुकानों के आस-पास गंदगी का अंबार लगा हुआ था इस बात पर सीएमओ ने चेतावनी देते हुए तीनों दुकानदारों पर 5 हजार 500 रुपये का जुर्माना किया। यह कार्रवाई गंदगी और अमानक पॉलीथिन के उपयोग के खिलाफ नगरपालिका द्वारा की गई। सीएमओ ने नगरपालिका की टीम के साथ बाजार के अन्य क्षेत्रों में भी भ्रमण दुकानदारों को सख्त हिदायत देकर समझाइश दी कि शहर को साफ सुथरा बनाने में सहायक बने। नपा अमला भ्रमण के दौरान दुकान के पास डस्टबिन नहीं मिले और खुले में ही शराब बोतल व पानी के पाउच फेंके जा रहें थे इस दौरान जुर्माना किया गया। नगरपालिका सीएमओ के साथ में उपयंत्री स्वच्छता प्रभारी मयंक अरोरा, सुदेश महोबिया, कमलकांत बड़गोती जगदीश पटेल व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# ‘पन्ना’ नहीं यह पूरे ‘बुंदेलखंड’ के लिए गौरव का दिन है



**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

पन्ना में यदि कोई राजा है तो वह जुगल किशोर जी महाराज हैं। खुद महाराजा छत्रसाल का नाम जुगल किशोर महाराज के बाद ही आता है। ऐसे में यदि छत्रसाल जयंती पर जुगल किशोर लोक के कार्यों का भूमिपूजन होता है, तो यह गौरवान्वित करने वाली बात है। यह केवल पन्ना का गौरव नहीं, बल्कि पूरे बुंदेलखंड का सम्मान है। क्योंकि पन्ना के जुगल किशोर और महाराजा छत्रसाल पूरे बुंदेलखंडवासियों के दिलों में बसते हैं। खजुराहो-पन्ना संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णुदत्त शर्मा यदि संसदीय क्षेत्र को मिली सौगातों का श्रेय मोदी-मोहन सरकारों को दे रहे हैं, तो निश्चित तौर पर पन्ना-खजुराहो संसदीय क्षेत्र की जनता सौगातों का श्रेय स्थानीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा को देकर खुश होती होगी। क्योंकि खजुराहो संसदीय क्षेत्र के विकास के हर दिन नए कीर्तिमान गढ़ने की सतत पारी अगर जारी है तो स्थानीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा को इसका असली हकदार माना जा सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने 29 मई 2025 को पन्ना में जुगल किशोर लोक निर्माण का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुगलों के समय में भी महाराजा छत्रसाल ने अपने पराक्रम व पुरूषार्थ से बुंदेलखंड और देश को गौरवान्वित किया है।



मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के स्कूल-कॉलेज में महाराजा छत्रसाल का जीवन पाठ्यक्रम में शामिल कर छात्रों को पढ़ाएगी। अजयगढ़ अस्पताल का उन्नयन किया जाएगा। चंदेल कालीन तालाबों को पुनर्जीवित किया जाएगा। बृजपुर में महाविद्यालय खोला जाएगा। इसके साथ ही आल्हा-ऊदल का उत्सव भी मनाया जाएगा। निर्माणाधीन छत्रसाल स्टेडियम को पूरा करने आवश्यक राशि हमारी सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने पन्ना नगर में 200 साल से निकाली जाने वाली जगन्नाथ यात्रा को धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास में शामिल करने की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पन्ना और समूचा बुंदेलखंड शूरवीरों की धरती है। यहां कदम कदम पर हीरे बिखरे हुए हैं। पन्ना के जंगल, जहां से बाघ एक समय में गायब हो गए थे, आज फिर से बाघों की वापसी से आनंदित है। पन्ना एक विशेष नगरी है। पन्ना प्राणनाथ, भगवान जुगल किशोर और रणबाकुरों की नगरी है। देश में सबसे अच्छे हीरे हमारे पन्ना जिले में पाए जाते हैं। शराब के कारण परिवार के परिवार बर्बाद हो जाते हैं, इसलिए हमारी सरकार ने पन्ना सहित 19 धार्मिक नगरियों में शराब की दुकान बंद करने का काम किया है।

वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना में जुगल किशोर लोक भूमिपूजन, विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार द्वारा किए गए विकास ने पन्ना की पहचान को विश्व पटल पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पन्ना के विकास को सतत आगे ले जा रहे हैं। आने वाले दिनों में पन्ना के विकास को चार चांद लगेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पन्ना जिले को दी गई सौगातों को लेकर आमजन व जनप्रतिनिधियों की तरफ से अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि भगवान जुगल किशोर लोक के निर्माण से पन्ना सहित समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र में धर्म व आध्यात्म की बहार आने के साथ औद्योगिक विकास को भी और गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जुगल किशोर लोक का भूमिपूजन करने के साथ 90 करोड़ 60 लाख, 40 हजार से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और 14 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को अनेकों सौगातें दी हैं। जुगल किशोर लोक के निर्माण से श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ेगा, जिससे क्षेत्र की विकास को और गति मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश सहित विशेष रूप से पन्ना के विकास को सतत आगे ले जा रहे हैं। भाजपा सरकार ने पन्ना में मेडिकल कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज के साथ अस्पताल की सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्वविख्यात हीरा उत्खनन की धरती पन्ना में एनएमडीसी के डायमंड पार्क और डायमंड म्यूजियम की सौगात दी है, जो इस क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। आने वाले दिनों में पन्ना के विकास को चार चांद लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। धर्म, संस्कृति, व आध्यात्म की धर्मध्वजा को आगे ले जाने वाले महाराज छत्रसाल की जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने शासकीय आकाश घोषित किया है। जयंती पर शासकीय अवकाश का निर्णय मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार का महाराज छत्रसाल के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

पन्ना में गौरव दिवस की साक्षी तिरंगा यात्रा भी बनी। तो वाकई महाराजा छत्रसाल के शौर्य, पराक्रम व पुरूषार्थ से इतिहास गौरवान्वित है। महाराजा छत्रसाल ने अपने पुरूषार्थ और पराक्रम से मुगलों के उस कठिन दौर में आतातायियों से लड़कर भारत का मान-सम्मान बढाया है और आज सूर्य बनकर चमक रहे हैं। उनकी जयंती पर पन्ना ही नहीं बल्कि पूरा बुंदेलखंड गौरवान्वित है। तो वास्तव में कृष्ण के साक्षात स्वरूप में पन्ना में विराजे जुगल किशोर हर दर्शनार्थी के मन को प्रफुल्लित कर नई ऊर्जा से भर देते हैं। तो जुगल किशोर लोक निर्माण कार्यों का भूमिपूजन सभी भक्तों को सरकार की तरफ से बड़ी सौगात है। यही उम्मीद है कि हर गौरव दिवस पर पन्ना को मिली सौगातों का सिलसिला हर साल यूं ही चलता रहे, श्रेय भले ही किसी को भी मिलेज।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया संदर्भ इटारसी , पुस्तक का विमोचन



**सांध्य प्रकाश इटारसी** , शहर के इतिहास, भविष्य और वर्तमान की संभावनाओं पर पत्रकार प्रमोद पगारे द्वारा लिखित पुस्तक संदर्भ इटारसी का गुरुवार को केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके द्वारा सुखतवा के गुरुकृपा परिसर में संक्षिप्त समारोह में विमोचन किया। इस अवसर पर पूर्व विस अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, बीजेपी जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पारिख मौजूद थे। इस अवसर पर श्री उईके ने अपने संबोधन में पुस्तक की लेखनी पर चर्चा करते हुए कहा कि जब वे कालेज में थे, उस दौर से वे पगारे के लेख पढ़ते आ रहे हैं। विमोचित पुस्तक को लेकर प्रशंसा टीप भी उन्होंने लिखी।

# दतिया एयरपोर्ट को लेकर भाजपा नेताओं में खींचतान

## सांसद और जिला अध्यक्ष आमने सामने



**दतिया।** दतिया एयरपोर्ट को लेकर बीजेपी नेताओं के बीच क्रेडिट लेने की जंग तेज हो गई है। सांसद संध्या राय ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि यह स्वीकृति उनके अनुरोध पर ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी थी। उन्होंने लिखा कि उन्होंने बुधवार को सिंधिया से मिलकर इसके लिए आभार जताया। वहीं इसपर पार्टी जिलाअध्यक्ष ने आपत्ति जताई।

### जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाह ने जताई नाराजगी

सांसद की पोस्ट के बाद पार्टी के जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाह ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि दतिया एयरपोर्ट की सौगात पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के दो वर्षों की मेहनत का परिणाम है। उनके मुताबिक, सांसद को सोशल मीडिया पर ऐसा नहीं लिखना चाहिए था जिससे सिर्फ स्वयं को क्रेडिट मिलता दिखे।

### दोनों के प्रयास का होता उल्लेख, तो बेहतर होताः जिला अध्यक्ष

रघुवीर कुशवाह ने सुझाव दिया कि अगर सांसद पोस्ट में दोनों नेताओं के प्रयास का जिक्र करतीं, तो यह पार्टी की एकता को दर्शाता। उन्होंने कहा कि सांसद की महानता तब झलकती जब वे डॉ. मिश्रा का नाम भी श्रेय में शामिल करतीं।

### लोकार्पण से पहले भाजपा में खींचतान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल से वर्चुअली दतिया एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। लेकिन उससे पहले ही इस स्वीकृति को लेकर पार्टी के अंदर खींचतान शुरू हो चुकी है। डॉ. नरोत्तम मिश्रा खुद एयरपोर्ट की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। बुधवार दोपहर जिला अध्यक्ष भी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे।

### जिला अध्यक्ष बोले- नरोत्तम मिश्रा का अहम रोल

जिला अध्यक्ष ने कहा कि दतिया में हवाई पट्टी से लेकर एयरपोर्ट की मंजूरी तक की पूरी प्रक्रिया में डॉ. मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही है। उनका मानना है कि पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसे मौकों पर संयम और समन्वय का परिचय देना चाहिए।

# ग्राम साजड़ी नवांकुर समितियों के माध्यम से होगा पानी का संचय,200 कंटूर ट्रेंच तैयार



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता )।** मप्र जन अभियान परिषद विकाखण्ड औबेदुल्लागंज अंतर्गत ग्राम साजड़ी में 200 कंटूर ट्रेंच का निर्माण नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति साजड़ी ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपलियागोली एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम धामधूसर के संयुक्त प्रयास से किया गया। विकासखण्ड समन्वयक निशा बहेकर की उपस्थिति में कंटूर निर्माण किया गया एवं 300 और कंटूरों को विकसित करने का संकल्प लिया गया। समिति अध्यक्ष बारेलाल नायक,हरनाम सिंह,दयाराम चौहान एवं सीएमसीएलडीपी के स्टूडेंट कैलाश पटेल ने बताया कि वन विभाग द्वारा साजड़ी के पठारी क्षेत्र में कई साल पहले कंटूर का निर्माण किया गया था जो की पूर्णतः मिटटी एवं पत्तों से बूझ गए थे समिति निरंतर वन विभाग के समन्वय में हर दिन यहां श्रमदान कर इन् कंटूरों की खुदाई एवं सफाई कर रही है, अब तक 200 कंटूर ट्रेंच तैयार हो चुके हैं। ये कंटूर बारिश के पानी को जो की पठारी क्षेत्र से बह जाता था उसे स्टोर करेंगे जिससे आसपास का जल स्तर बढ़ा रहेगा। प्रस्फुटन समिति के सदस्य ने बताया कि खत्तियां जो कि एक निश्चित आकार के गड्ढे होते हैं मुख्यतः उन स्थानों पर खोदे जाते हैं जहां से वर्षा जल नीचे की ओर बह जाता है और जमीन सोख नहीं पाता,इन ट्रेंच की सहायता से वह जल जमीन में समाहित हो जाता है, जिससे आसपास का भूजल तेजी से बढ़ता है, इसके अलावा इन गड्ढों के किनारे की मिट्टी पर पौधारोपण किया जा सकता है, जिसकी वजह से जल संरक्षण भी होता है और भूमि का कटाव भी रुकता है।

# एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों को 420 मे पुलिस ने किया गिरफ्तार , 2 दिन की रिमांड पर लिया

**सिरोंज।** एचडीएफसी बैंक मैं पी वी ए के रूप में तेनात कर्मचारी प्रिंस श्रीवास्तव ने कई ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करके कुछ दिनों पहले गायब हो गया था शिकायत के बाद प्रकरण दर्ज 420 की धाराओं में दर्ज हुआ था।पुलिस इसकी तलाश कई दिनों से थी सफलता बुधवार को मिल पुलिस ने 420 करके फरार होने वाले प्रिंस श्रीवास्तव को गिरफ्तार करके पहले मेडिकल कराकर न्यायालय में पेश किया मामले में पूछताछ करने के लिए रिमाइंड पर मांगा था न्यालय से 2 की रिमांड पुलिस को मिली है।क्योंकि उक्त व्यक्ति पर आरोप है कि कई लोगों से पैसे लेकर रफूचक्कर हो गया था जैसे इसकी जानकारी पैसे देने वाले लोगों को लगी तो यहां बैंक पहुंचे पता चला कि भाग गया कुछ लोगों ने थाने में अपने साथ धोखाधड़ी करने की शिकायत करके प्रकरण दर्ज करवाया था और भी लोगों ने शिकायत की हें उसके संबंध में पुलिस पूछताछ करेगी इसके बाद ही सही कहानी सामने आएगी अभी तो कई तरह की चर्चा है कि करोड रुपए का गोलमाल हुआ है इसका खुलासा तो पुलिस की जांच के बाद ही हो पाएगा। एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि अभी 2 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहे हैं उसके बाद स्थिति स्पष्ट होगी और पूरी जानकारी दे पाएंगे।

# मालवाहक पलटा , तीन घायल

**शहडोल।** जिले मे बिरुहली के पास ग्राम छांटा में मालवाहक पलटने से एक ही परिवार के तीन लोगों को गंभीर चोट आई है। घायलों को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम छांटा से एक ही परिवार के कई लोग ग्राम डोंगरा टोला सामाजिक कार्यक्रम में गए थे, सुबह करीब 4 बजे वापस लौटते समय मालवाहक अनियंत्रित हो कर पलट गाया, जिसमें सवार कलावति सिंह (45), राम बाई सिंह (45) एवं गीता सिंह (15) को गंभीर चोट आने पर जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। वहीं 15 से अधिक लोगों को मामूली चोट आई है। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# देर रात्रि में मुख्यमंत्री पहुचे डोडी-आष्टा , विधायक के नेतृत्व में किया भव्य स्वागत-सम्मान

**आष्टा ।** देवास जिले के हाटपिपलिया में आयोजित कार्यक्रमो में भाग लेने के बाद मप्र के मुख्यमंत्री हवा,आंधी,बारिश के कारण हेलीकाप्टर के स्थान पर सड़क मार्ग से कार द्वारा भोपाल के लिये रवाना होने के बाद देर रात्रि में हाईवे ट्रीट डोडी पहुचे । आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में हाईवे ट्रीट पर भव्य अगवानी की गई । इस अवसर पर डोडी में विधायक के नेतृत्व में आष्टा, डोडी,जावर,खड़ी सहित अनेकों ग्रामो से डोडी पहुचे कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भव्य स्वागत सम्मान किया । डोडी में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की काफी देर तक आष्टा के विकास संबंधी विभिन्न कार्यो को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई । डोडी में डोडी मंडल अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह ठाकुर,जावर मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का एवं



विधायक का साफा बांध कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर डोडी में भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल,जिला महामंत्री धारासिंह पटेल,कल्याणसिंह ठाकुर,जिला मीडिया प्राभारी सुशील संचेती,मंडल अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह ठाकुर,विजेन्द्रसिंह ठाकुर,

सरपंच संघ अध्यक्ष मनोहर पटेल,जावर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य,पार्षद वीरेंद्र ठाकुर,नप जावर के पूर्व उपाध्यक्ष शिवम सोनी,उमेश शर्मा,हरिओम भूतिया,कृपालसिंह ठाकुर,राजपालसिंह ठाकुर,हरेन्द्र ठाकुर,कृपालसिंह ठाकुर सहित क्षेत्र के अनेकों कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे ।

# इंदौर नगर निगम की अनूठी पहल , अब जानवरों का भी होगा अंतिम संस्कार , हरियाणा की कंपनी को मिला कॉन्ट्रैक्ट

**इंदौर।** नगर निगम ने मृत पशुओं के पारंपरिक दफनाने के तरीके को समाप्त कर उनका सम्मानजनक अंतिम संस्कार कराने की नई व्यवस्था शुरू की है। इसके लिए हरियाणा की माइक्रोटेक कंपनी को पांच साल के लिए अनुबंधित कर लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से अंतिम संस्कार प्लांट का निर्माण और संचालन करवाया जाएगा।

इंदौर नगर निगम ने मृत पशुओं के निपटान की पारंपरिक प्रणाली को बदलते हुए अब उनके सम्मानजनक अंतिम संस्कार की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। अब तक मृत जानवरों को गड्ढों में दफनाया जाता था, जिससे दुर्गंध फैलने के साथ-साथ भूजल प्रदूषण जैसी समस्याएं भी सामने आती थीं। इन पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को देखते हुए नगर निगम ने इस प्रक्रिया को आधुनिक और व्यवस्थित रूप देने का निर्णय लिया है।

इस योजना के तहत हरियाणा की माइक्रोटेक कंपनी को अंतिम संस्कार प्लांट के निर्माण, संचालन और रखरखाव की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। निगम ने इस कंपनी से पांच वर्षों का अनुबंध




किया है, और परियोजना पर लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

नगर निगम ने समाधान के विकल्प तलाशने के लिए निजी कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए थे। कुल पांच कंपनियों ने इसमें रुचि दिखाई, जिनमें गहन मूल्यांकन के बाद माइक्रोटेक का चयन किया गया। यह पहल न केवल स्वच्छता और पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि यह पशुओं के प्रति मानवीय सोच को भी दर्शाती है।

भोपाल-ग्वालियर में पहले से हो रहा है सफल संचालन

भोपाल और ग्वालियर जैसे शहरों में पहले से ही एनिमल इंसीनरेटर की सुविधा सक्रिय है। भोपाल में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक इंसीनरेटर स्थापित किया गया है, जो रोजाना 35 से 40 मृत पशुओं का अंतिम संस्कार करने में सक्षम है। इस संयंत्र की प्रति घंटे क्षमता 300 किलो है, और पूरे दिन में यह लगभग 4 टन शवों का निस्तारण कर सकता है। इसमें डबल स्क्रबर तकनीक का उपयोग किया गया है, जो उत्सर्जित धुएं को ठंडा कर उसमें मौजूद हानिकारक तत्वों को प्रभावी ढंग से फ़िल्टर करती है।वहीं, ग्वालियर के केदारपुरा क्षेत्र में भी दो इंसीनरेटर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनकी कुल लागत 7 से 8 करोड़ रुपये के बीच है। इन संयंत्रों की मदद से वहां भी भूमि और भूजल प्रदूषण को नियंत्रित करने में सफलता मिल रही है।

### देश के कई अन्य शहरों में भी मौजूद है यह सुविधा

दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में मृत पशुओं के अंतिम संस्कार की व्यवस्था पहले से ही प्रभावी रूप से चल रही है। दिल्ली, आगरा और कोटा जैसे शहरों में यह प्रणाली सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रही है। विशेष रूप से आगरा में अंतिम संस्कार के बाद पशु अस्थियों को परिजनों को विसर्जन के लिए सौंपा जाता है। यह प्रबंध न केवल धार्मिक भावनाओं का सम्मान करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। अब इंदौर भी इस आधुनिक सुविधा को अपनाकर एक नई मिसाल स्थापित करेगा।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया

# ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन की नई पहल

**मंडला।** ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने एक नई और सराहनीय पहल करते हुए मंडला के सहायक आयुक्त कार्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया।इस मासिक कार्यक्रम में अप्रैल माह में सेवानिवृत्त हुए 19 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।सेवानिवृत्ति के बाद पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजेश क्षत्री( को विशेष सम्मान से नवाजा गया।



सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता के मुख्य आतिथ्य और स्काउट प्रभारी दिनेश दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।सेवानिवृत्त शिक्षक निरंजन पटेल ने एसोसिएशन की इस पहल को अनुपम बताते हुए पदाधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान कार्यक्रम शिक्षकों के योगदान को पहचान देता है।स्काउट प्रभारी दिनेश दुबे ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्वस्थ रहने और दीर्घायु की कामना करते हुए उनसे सेवानिवृत्ति के बाद भी सार्वजनिक जीवन में अपनी सक्रियता बनाए रखने का आग्रह किया।मुख्य अतिथि वंदना गुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों से उनके पीपीओ जारी होने और स्वत्वों के भुगतान से संबंधित जानकारी ली।उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि किसी शिक्षक को कोई समस्या है,तो उसका शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम नोबल ड्यूटी के कारण विशेष महत्व रखता है और एसोसिएशन को इसे आयोजित करते हुए गर्व महसूस होता है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ने अपने कार्यक्रम की सार्थकता बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया है कि पूर्व में सेवानिवृत्त हो चुके उन शिक्षकों को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा,जिन्होंने समाज और देश कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।

एसोसिएशन की महिला विंग की जिला अध्यक्ष मीना साहू ने आभार प्रदर्शन किया,जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन जिलाध्यक्ष दिलीप मरावी ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरिता मरावी, उपाध्यक्ष उमेश यादव, नारायणगंज ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश मरावी,मवई ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह पंद्रे ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान के साथ समाज में उनके योगदान को भी रेखांकित करता है।

## अमेजन फैशन ने की 6वें संस्करण को आयोजित करने की घोषणा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेजन फैशन ने आज अपनी 16वीं वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल की घोषणा की, जो 30 मई से 4 अप्रैल तक चलेगी। 4 लाख से अधिक स्टाइल के सबसे विस्तृत ब्रांड पोर्टफोलियो वाली इस सेल में अब कैरेटलेन, गैप, वाइल्डक्राफ्ट आदि जैसे 20 से ज्यादा ब्रांड्स और चयन को रणनीनिक रूप से जोड़ा गया है, औरएक्सक्लूसिव नए प्रीमियम डेस्टिनेशन द प्रीमियम एडिट के साथ रीब्रांडेड जेन जेड डेस्टिनेशन सर्व को पेश किया गया है। यह संस्करण बेहतरीन मूल्य और शीर्ष ब्रांड्स को एक साथ लाता है, ग्राहकों को अमेजन की हॉलमार्क सुविधा, भरोसा और डिलीवरी स्पीड के साथ अभूतपूर्व चयन की पेशकश करता है। प्रीमियम फैशन के शौकीन लोग गैस, अरमानी एक्सचेंज, केविन लेन, लैकोस्टे, अलेक्जेंडर क्रिस्टी, माइकल कोर्स, मोकोबारा, टॉमी हिलफिगर, लुईस फिलिप, फॉसिल और अन्य ब्रांड से खरीदारी कर सकते हैं। निखिल सिन्हा, डायरेक्टर, अमेजन फैशन इंडिया ने कहा, अमेजन फैशन में, हम आपके लिए ब्रांड्स, ट्रेंडिंग स्टाइल और रोमांचक नए लॉन्च का एक व्याक संग्रह लेकर आए हैं, वो भी अमेजन के भरोसे और सुविधा के साथ बहुत अच्छी कीमत पर।

## 3बी फिल्म्स लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** 3बी फिल्म्स लिमिटेड जो उच्च गुणवत्ता वाली प्लास्टिक पैकेजिंग फिल्म्स का निर्माण करती है, 30 मई 2025 को अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग लॉन्च करने जा रही है। इस आईपीओ के माध्यम से कंपनी ?33.75 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रख रही है, और इसके शेयर बीएसइ एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इस ऑफर के लिए लीड मैनेजर है निर्भय कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, और रजिस्ट्रार है माशितला सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड। 3बी फिल्म्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अशोकभाई धनजीभाई बाबरिया, , ने कहा जैसे-जैसे हम इस इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के साथ अपनी यात्रा के अगले चरण की ओर बढ़ रहे हैं, हमारा फोकस लचीली पैकेजिंग इंडस्ट्री में 3बी फिल्म्स की स्थिति को और मजबूत करने पर है। वर्षों से हमने सीपपी और सीपीइ फिल्म्स में अपने मूल विशेषज्ञता के आधार पर एक मजबूत आधार तैयार किया है।

## हर्षवर्धन-सोनम की फिल्म ने प्रोडक्शन हाउस बदला

**मुंबई, एजेंसी।** हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की आने वाली रोमांटिक फिल्म से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। पहले यह फिल्म विकिर फिल्म्स के बैनर तले बन रही थी, लेकिन अब इसका प्रोडक्शन प्ले डीएमएफ ने अपने हाथों में ले लिया है। यह प्रोडक्शन हाउस अंशुल गर्ग का है। फिल्म का निर्देशन मिलाप ज़वेरी कर रहे हैं और इसे राघव शर्मा को-प्रोड्यूस कर रहे हैं। जब इस फिल्म की पहली झलक और इसका वर्किंग टाइटल दीवानियत सामने आया था, तब इसने काफी चर्चा बटोरी थी। लेकिन रचनात्मक मतभेदों और फिल्म की दिशा में बदलाव के कारण अब इसे नए प्रोडक्शन हाउस के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। इस बदलाव को फिल्म की यात्रा में एक बड़ा मोड़ माना जा रहा है।

## वित्त वर्ष 2024-25 में इफको का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व की नंबर 1 सहकारी संस्था, इफको ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में 3,811 करोड़ रुपये का मुनाफ़ा दर्ज किया, साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस वित्त वर्ष (2024-2025) में नैनो-उर्वरकों की 365.09 लाख बोतलें बेची गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष (2023-2024) में 248.95 लाख बोतलें बेची गई थीं। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान इफको ने 41,244 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया। इफको के अध्यक्ष श्री दिलीप संघानी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह देश के पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि इफको के शानदार विकास के आंकड़े सहकार से समृद्धि के सपने को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने लगातार तीन वित्तीय वर्षों में 3000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दर्ज किया है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 23 लगातार वर्षों से इफको ने अपने सदस्यों को चुकता शेयर पूंजी पर 20 प्रतिशत लाभांश देकर पुरस्कृत किया है - जो न्यायसंगत और सतत विकास के प्रति इसके समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही - एक अलग ही तरह का हंगामा मच गया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मज़ेदार वीडियो रिलीज़ किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं – और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा वो तो बिलकुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, ऐक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूँ। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीज़न 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!

## पीएनसी इंफ्राटेक के चेयरमैन को कंपनी की वृद्धि पर भरोसा

**मुंबई, एजेंसी।** पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार जैन ने एक्सचेंजों पर कंपनी के सूचीबद्ध होने के दस साल पूरे होने पर शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कंपनी की विकास गति पर विश्वास व्यक्त किया। जैन ने कहा, 2015 में सूचीबद्ध होने के बाद से हमने सभी मोर्चों पर नई ऊंचाइयों को छुआ है। स्टॉक प्रदर्शन, राजस्व, लाभप्रदता और ऑर्डर बुक की मजबूती। सूचीबद्ध होने के बाद से कंपनी के शेयर में 3.7 गुना वृद्धि हुई है। राजस्व 19.4 प्रतिशत की सीएजीआर की दर से 1,561 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,699 करोड़ रुपये हो गया है।कंपनी की वृद्धि और लाभप्रदता पर प्रकाश डालते हुए जैन ने जोर देकर कहा कि पीएनसी इंफ्राटेक का एबिट्डा 21.8 प्रतिशत सीएजीआर के साथ 217 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,277 करोड़ रुपये हो गया है।

## इन्फोसिस फाउंडेशन ने चौथे संस्करण की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** ईपीसी इन्फोसिस की परोपकारी कार्य करने वाली और सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने अपने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण को लॉन्च करने का एलान किया है। भारत में सोशल इनोवेशन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इन्फोसिस फाउंडेशन ने इस अवार्ड में हिस्सा लेने के लिए देशभर से इनोवेटर्स एवं सामाजिक उद्यमियों को आमंत्रित किया है। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड 2025 का उद्देश्य व्यक्तिगत स्तर परऐसे लोगों को, टीमों को, एनजीओ को और सामाजिक उद्यमियों को चिह्नित एवं पुरस्कृत करना है, जो टेक्नोलॉजी आधारित ऐसे अनूठे समाधान विकसित कर रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर देश के वंचित समुदायों पर उल्लेखनीय प्रभाव डालने में सक्षम हैं। इन्फोसिस फाउंडेशन ने प्रत्येक विजेता को 50 लाख रुपये तक देने की घोषणा की है। पुरस्कार की कुल राशि 2 करोड़ रुपये होगी। इन्फोसिस फाउंडेशन के ट्रस्टी सुमित विरमानी ने कहा, 'इन्फोसिस फाउंडेशन में हम वास्तविक जीवन की चुनौतियों को दूर करने और समुदायों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में इनोवेशन की ताकत में विश्वास करते हैं। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के माध्यम से हम ऐसे परिवर्तनकारी लोगों को पहचानने और उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी समाधान विकसित कर रहे हैं।

# जिस आतंकवाद ने भारत का खून बहाया, उसी के कारण देश में राष्ट्रवाद का ज्वार आया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम के नरसंहार ने हर भारतीय की आत्मा को झकझोर दिया है. पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकाने उड़ाने के लिए शुरू ऑपरेशन सिंदूर भारत के सशक्त राष्ट्रवाद का प्रतीक बन गया है. बाईस अप्रैल के पहले वाले भारत के दृश्य अब नहीं दिखाई पड़ते. ना हिंदू मुस्लिम की राजनीति दिखती है और ना घरेलू मुद्दों पर देश ध्यान दे रहा है.

सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल के रूप में भारत का राष्ट्रवाद पूरी दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब कर रहा है. एकजुट भारत का यह नजारा ऑपरेशन सिंदूर की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा सकता है. अब तो भारत का राष्ट्रवाद पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) मांग रहा है. पीओके की मांग में अब भारत का सिंदूर भरने के लिए देश बेताब है. सेनायें तैयार हैं बस इंतजार केवल सही वक्त का है. तैयारी को नए सिरे से चाकचौबंद किया जा रहा है. भारत के भीतर की राजनीति के सारे मुद्दे पीछे चले गए हैं. सेना का शौर्य और पराक्रम सबसे ऊपर है. सबसे ज्यादा चर्चा सैन्य उपकरणों की आत्मनिर्भरता का है. आकाश और ब्रह्मोस के साथ ही भारत निर्मित ड्रोन की मैन्युफैक्चरिंग नए दौर में पहुंच चुकी है.

किसी भी देश के लिए युद्ध हमेशा नुकसानदायक ही नहीं होता. पूरी दुनिया में युद्ध ही विकास का कारण भी बनता है. युद्ध के लिए ही सारी तैयारी होती हैं. शांति प्रिय भारत युद्ध की पहल नहीं करता लेकिन अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए दुश्मन के घर में घुसकर मारने की क्षमता भी रखता है. पिछले वर्षों में सैन्य उपकरणों और हथियारों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए भारत में किए गए प्रयासों के परिणाम आपरेशन सिंदूर में देखकर पूरी दुनिया भौंचक है. पीएम नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को दुश्मन देश घोषित कर दिया है. पाक प्रायोजित आतंकवाद को प्राक्सी वार नहीं बल्कि खुला युद्ध मान लिया गया है. पूरी दुनिया में पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का अंग स्थापित करने के लिए भारत ने नेरेटिव बनाने में सफलता हासिल की है.

सिंधु जल संधि भी राष्ट्रवाद से जुड़ गई है. इस संधि के जो पहलू सामने आ रहे हैं. उससे इसके जरिए भारत के साथ हुए अन्याय की जानकारी मिल रही है. जो अब तक भारत की राजनीति नहीं कर सकी वह पहलगाम के नरसंहार ने कर दिया है. राष्ट्रवाद के लिए धर्म के नाम पर राजनीति को नकार दिया गया है. दुनिया के देशों में गए सभी प्रतिनिधिमंडल में शामिल भारत के मुस्लिम सांसद जिस मुखरता और ताकत के साथ देश के लिए आवाज उठा रहे हैं, वह राष्ट्र को खुशी दे रहा है. इसके पहले देश में वक्फ़ कानून की राजनीति चरम पर थी. जिसको राष्ट्र के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है. धर्म पूँछ कर हिंदूओं के नरसंहार करने की हृदय विदारक घटना ने भारत के मुसलमानों को भी दहला दिया है. राष्ट्रवाद बीजेपी का पुराना एजेंडा है. राजनीति में उभार की शुरुआत में भाजपा हिंदुत्व की राजनीति पर आगे बढ़ी लेकिन राष्ट्रवाद को हमेशा ऊपर रखा. पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत आजादी के दिन से ही पीड़ित रहा है. पीएम मोदी कह रहे हैं कि 15 अगस्त 1947 के दिन ही भारत के कश्मीर में पहला आतंकवादी हमला हुआ था. उसी समय अगर उसको कुचल दिया गया होता, पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में मिला लिया गया होता तो आतंकवाद की जड़ें इतना नहीं फैलती. सरदार वल्लभभाई पटेल उस समय सैन्य कार्रवाई जारी रखना चाहते थे लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई. जम्मू कश्मीर का विषय संयुक्त राष्ट्र संघ में ले जाकर इसे विवादास्पद बनाया गया. तब से ही यह मामला भारत को दुख दे रहा है किसी को भी ना अपनी और ना ही देश की डेस्टिनी का अनुमान होता है।

आजादी के इतने समय बाद आतंकवाद के खिलाफ खुले युद्ध के लिए भारत आज खड़ा हुआ है तो यह डेस्टिनी, पहले से ही निर्धारित है. किसके नेतृत्व में यह युद्ध लड़ा जाएगा यह भी तय है. पाक अधिकृत कश्मीर कब भारत का वापस हिस्सा बनेगा, यह भी डेस्टिनी को पता है.

राजनीतिक विश्लेषक के नाते हम तो केवल हालातों की समीक्षा कर सकते हैं. इसके अनुसार भारत के राष्ट्रवाद का ज्वार अब पीओके आने तक नहीं रुकेगा. इस पर कोई भी राजनीति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी. महंगाई, बेरोजगारी और विकास की नीतियों को लेकर राजनीति सतत प्रक्रिया है, लेकिन जब राष्ट्रवाद की बात आती है तो सब कुछ दब जाता है. पुलवामा अटैक के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक से देश में राष्ट्रवाद की लहर आई थी और उस पर सवार होकर मोदी सरकार फिर से सत्ता में पहुंची. ऑपरेशन सिंदूर ने तो पाकिस्तान के भीतर वह कर दिया है, जिसकी कल्पना ना पाकिस्तान को थी और ना ही पूरी दुनिया को. भारत ने आतंक के खिलाफ जो स्टैंड लिया है वह राष्ट्रवाद की भावना को लगातार मजबूत कर रहा है. पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आएगा. ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी वहां जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं, वह यही बता रही हैं कि आतंकवाद उनका राष्ट्रीय धर्म बन गया है. भारत से दुश्मनी वहां की सेना और सरकार के लिए अवाम को बरगलाने का जरिया बना हुआ है. पाकिस्तान जरूर कोई ना कोई ऐसी हरकत करेगा जिसके कारण ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा चरण होगा. भारत केवल पाकिस्तान को नहीं बल्कि उनके सहयोगियों को भी संकेत भेज रहा है. पीएम नरेंद्र मोदी नेविदेशी सामान का उपयोग नहीं करने की देशवासियों से अपील कर राष्ट्रवाद का नया आयाम पेश किया है. इस अपील का सीधा संकेत चीन को है।

# फिर बदल गए सोने के भाव, चांदी की कीमतों में परिवर्तन नहीं



**मुंबई, एजेंसी।** मई खत्म होने वाला है और 2 दिन बाद जून का महीना लग जाएगा, ऐसे में अगर आप आज शुक्रवार को सोना या चांदी खरीदने के लिए बाजार जा रहे है तो पहले 30 मई का ताजा भाव जान लें। आज सोने के भाव में 270 प्रति 10 ग्राम का उछाल आया है हालांकि चांदी की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं आया है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 97000 और चांदी के भाव 99 हजार पर ट्रेंड कर रहे है। आज शुक्रवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 30 मई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 89,350 , 24 कैरेट का भाव 97, 460 और 18 ग्राम सोने का रेट 71,480 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 99, 900 हजार रुपए चल रहा है।

### 18 कैरेट सोने का भाव

दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 73 110/- रुपये।कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 72, 990/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 73, 030 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 73, 450/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

### 22 कैरेट सोने का भाव

भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 89, 250/- रुपये। जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 89,350/- रुपये। हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 89, 200/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

### 26 कैरेट सोने का भाव

भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 97 360 रुपये दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 97 460/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 97, 370/- रुपये। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 97,310/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है।

# पी एंड जी शिक्षा ने मंडीदीप के पास बमुलिया पवार में नये स्कूल ब्लॉक का उद्घाटन किया

**मुंबई, एजेंसी।** पैम्पर्स, व्हिस्पर, टाइड, जिलेट आदि ब्रांडों के निर्माता प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पी एंड जी इंडिया) ने आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले की गोहरगंज तहसील में बमुलिया पवार के सरकारी मिडिल स्कूल में एनजीओ - राउंड टेबल इंडिया के साथ साझेदारी में निर्मित एक नये स्कूल ब्लॉक का अनावरण किया।

यह स्कूल, जहां मानसून के दौरान छात्रों के लिए पहुंचना मुश्किल होता था, जिससे सीखने में बाधा आती थी, अब दो नई और बड़ी कक्षाओं के द्वारा आने वाले वर्षों में हजारों छात्रों को सीखने के लिए अनुकूल बेहतर वातावरण प्रदान करके लाभान्वित करेगा। कक्षाओं के साथ इस स्कूल में पी एंड जी शिक्षा ने बच्चों के लिए 2 स्वच्छ नए शौचालय भी उपलब्ध कराएं हैं।

इस वर्ष, पी एंड जी शिक्षा अपने शैक्षिक हस्तक्षेपों के माध्यम से देश भर में वंचित समुदायों में सकारात्मक प्रभाव डालने के दो दशकों का जश्न मना रहा है। इसी के अंतर्गत, पिछले महीने, पी एंड जी इंडिया ने मंडीदीप में अपने विनिर्माण संयंत्र में इस अवसर को मनाने के लिए पी एंड जी शिक्षा की विशेष कॉफी टेबल बुक ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ का अनावरण किया था। विशेष पुस्तक में भारत भर से दृढ़ता और प्रगति की प्रभावशाली कहानियों को शामिल किया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश के बच्चों की कहानियां भी शामिल हैं, जिन्हें पी एंड जी शिक्षा की पहल का लाभ उठाकर उल्लेखनीय प्रगति के लिए सम्मानित किया गया था। इसके साथ, मध्य प्रदेश में, पी एंड जी शिक्षा अपने समग्र शैक्षिक हस्तक्षेपों के माध्यम से वंचित समुदायों के बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

## सात्विक ग्रीन एनर्जी लि ने 10 गौरवशाली वर्षों की उत्कृष्टता का जश्न मनाया

**गुरुग्राम , एजेंसी।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती सोलर मॉड्यूल निर्माण कंपनियों में से एक, सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड आज अपनी स्थापना के 10 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का जश्न मना रही है। 29 मई 2015 को स्थापित सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने भारत के सौर ऊर्जा क्षेत्र में एक मजबूत स्थान बना लिया है। सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत 'सात्विक ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड' के रूप में शामिल किया गया था। बाद में इसे एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी में बदला गया, जिसके लिए बोर्ड ने 20 सितंबर 2024 और शेयरधारकों ने 21 सितंबर 2024 को प्रस्ताव पारित किए। इसके बाद कंपनी का नाम बदलकर सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड कर दिया गया।सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने अब तक भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 2.00 गीगावॉट से अधिक हाई-एफिशिएंसी सोलर पीवी मॉड्यूल्स की आपूर्ति की है। यह कंपनी न केवल मॉड्यूल निर्माण, बल्कि इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन सेवाओं में भी अग्रणी है। वित्तीय वर्ष 2024 में कंपनी की ईपीसी स्थापित क्षमता 69.12 मेगावॉट रही। साथ ही, कंपनी ईपीसी परियोजनाओं के तहत ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस सेवाएं भी प्रदान करती है।कंपनी की अब तक की यात्रा और भविष्य की दिशा पर टिप्पणी करते हुए सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के सीईओ श्री प्रशांत माथुर ने कहा-सेल निर्माण में बैकवर्ड इंटीग्रेशन की हमारी पहल हमारे दीर्घकालिक विकास और स्थिरता लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भोपाल मंडल में 7 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर नेक्स्ट जनरेशन तकनीक शुरू



**भोपाल।** भोपाल रेलवे और आरकेएमपी पर बने पूछताछ केंद्रों पर अब यात्रियों को सटीक जबाव मिलेगा। इसके लिए नेक्स्ट जनरेशन नेशनल ट्रेन इनक्वायरी सिस्टम पोर्टल की मदद ली जा रही है। अब यात्रियों को न केवल तुरंत जानकारी मिल सकेगी, बल्कि पहले से अधिक सटीक, विस्तृत और रियल टाइम उत्तर भी दे पाएंगे। भोपाल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि इस अत्याधुनिक पोर्टल के जरिए अब स्टेशन पर तैनात कर्मचारी कोच पोजिशन, ट्रेन की वर्तमान स्थिति, संभावित विलंब, आगमन-प्रस्थान की वास्तविक टाइमिंग और अगले 8 घंटे में आने वाली ट्रेनों की पूरी जानकारी एक क्लिक में उपलब्ध हो रही है। यह सारा डेटा रियल टाइम में अपडेट होता है, जिससे पूछताछ कर्मचारी बिना किसी देरी के हर सवाल का जवाब दे सकता है।

इस तकनीक से सबसे बड़ा बदलाव यह हुआ है कि अब यात्रियों को जवाब के लिए इंतजार नहीं करना पड़ता, और स्टेशन पर भ्रम की स्थिति खत्म होती है। लेकिन इस बदलाव का मुख्य केंद्र बिंदु पूछताछ काउंटर का कर्मचारी है, जो अब इस सिस्टम के जरिए पहले से कहीं अधिक दक्षता और आत्मविश्वास के साथ सेवा दे पा रहा है। यह सुविधा वर्तमान में भोपाल मंडल के 7 प्रमुख स्टेशनों भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, बीना, गुना, इटारसी एवं विदिशा पर क्रमशः लागू की जा रही है। यह कदम भारतीय रेलवे के डिजिटल परिवर्तन अभियान का हिस्सा है, जो न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ा रहा है, बल्कि फ्रंटलाइन रेलवे कर्मचारियों को तकनीक से लैस कर रहा है,ताकि वे और बेहतर सेवा दे सकें।

## टीवीएस मोटर ने लॉन्च किया जुपिटर 125 डुअल टोन वैरिएंट

**बेंगलुरु एजेंसी।** दुनिया की प्रमुख टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनियों में से एक, टीवीएस मोटर कंपनी ने आज अपने लोकप्रिय स्कूटर लाइन-अप में नया मॉडल जुपिटर 125 डुअल टोन एसएक्स्सी लॉन्च किया है। यह नया वैरिएंट कंपनी के वादे हर 125 स्कूटर से ज़्यादा को और मजबूत बनाता है - ज़्यादा स्टाइल, ज़्यादा फीचर्स और ज़्यादा वैल्यू। इस स्कूटर को खासतौर पर उन राइडर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने रोज़मर्रा के आवागमन में स्टाइल और स्मार्ट फीचर्स चाहते हैं। यह स्कूटर दो आकर्षक डुअल-टोन कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध है - आइवरी-ब्राउन और आइवरी ग्रे, जो अर्बन इंडिया की प्रीमियम पसंद को दर्शाते हैं। लॉन्च पर टीवीएस मोटर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, श्री अनिरुद्ध हाल्दार ने कहा, आज का ग्राहक सिर्फ स्कूटर नहीं खरीदता, बल्कि अपनी प्रगति का प्रतीक चुनता है। टीवीएस जुपिटर 110 की सफलता के बाद, टीवीएस जुपिटर 125 को नया लुक और एडवांस्ड फीचर्स के साथ लॉन्च करना एक स्वाभाविक कदम था। यह नया वैरिएंट परफॉर्मेंस, कम्फर्ट और कनेक्टिविटी का बेहतरीन संयोजन है और हमारी ज़्यादा फिलॉसफी को आगे बढ़ाता है।

# सब्जियों का राजा आलू लोगों के आहार का प्रमुख हिस्सा है: योग गुरु महेश अग्रवाल

**अंतरराष्ट्रीय आलू दिवस**





आदर्श योग आध्यात्मिक योग केंद्र के योग गुरु महेश अग्रवाल नें बताया कि आलू न केवल कई लोगों के आहार का मुख्य हिस्सा है, बल्कि अपने मूल्य श्रृंखलाओं के साथ रोजगार और सतत आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता हैं।आलू सबसे आम और महत्वपूर्ण भोजन स्रोतों में एक है। भारत के हर रसोईघर में आलू के बिना कोई भी व्यंजन बनाना मुश्किल होता है। 30 मई को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आलू दिवस मनाया जाता है। लेकिन क्या आप इसके फायदों के बारे में जानते हैं। वैसे आम तौर पर लोगों का मानना है कि आलू खाने से वजन बढ़ता है लेकिन ये सच नहीं है। आलू में इतने पौष्टिक तत्व और गुण हैं कि इस खाद्द पदार्थ को कई बीमारियों के लिए औषधि के रुप में उपयोग किया जाता है। आलू के फायदे इतने अनगिनत है कुछ वाक्यों में विश्लेषण करना मुश्किल है।

आलू क्या है? आलू मीठा और गर्म तासीर का होता है। यह खाने में रुची बढ़ाने के साथ-साथ सूजन कम करने में मददगार होता है। इससे प्राप्त सोलैनिन वेदना कम करने वाला तथा तंत्रिका शूलरोधी यानि नर्व के दर्द से राहत दिलाता है। 50-200 मिग्रा की मात्रा में सोलैनीन का प्रयोग करने से चर्म रोग कम होता है। आलू पचाने में भारी तथा मल को गाढ़ा करने वाला होता है। लेकिन इसको ज्यादा खाने से शरीर में आलस्य पैदा होता है। आलू को अंग्रेजी में पोटैटो कहते हैं। लेकिन भारत के अन्य प्रांतों में विभिन्न नामों से आलू से पुकारा जाता है।

आलू एक ऐसा सब्जी है जो सस्ता भी है और पौष्टिक गुणों से भरपूर भी होता है। आलू के फायदे के कारण आयुर्वेद में इसको औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

मुँह के छालों के लिए घरेलू उपचार कभी-कभी पौष्टिकता की कमी के कारण या असंतुलित खान-पान के कारण मुँह में छाले पड़ने लगते हैं। आलू के भुने हुए कंद या गांठ का सेवन करने से मुखपाक या मुँह के छाले कम होते हैं। बहुत ठंड लग जाने पर या सर्दी होने पर साइनसाइटिस का दर्द होने लगता है। साइनसाइटिस में आलू गुणकारी होता है। 2-5 मिली आलू के पत्ते के रस में मधु तथा सेंधा नमक मिलाकर सेवन करने से गले की जलन और साइनसाइटिस से आराम मिलता है। अक्सर मौसम के असर के कारण खाँसी ठीक होने का नाम ही नहीं लेता। खाँसी से राहत पाने के लिए 2-5 मिली आलू के पत्तों के रस का सेवन करने से पुरानी खाँसी ठीक होती है। किडनी में समस्या होने पर मूत्र संबंधी समस्या होना शुरू हो जाता है। मूत्र कम होना इनमें से एक है। आलू के कंद को भूनकर खाने से कम मूत्र होने की परेशानी होती है कम। शिशु का मूल खाद्द माँ का दूध होता है। दूध का कमी शिशु के लिए कष्टदायक हो जाता है। ब्रेस्ट मिल्क बढ़ाने में आलू गुणकारी होता है। भुने हुए आलू के कंद का सेवन करने से स्तन में दूध की मात्रा बढ़ती है। आलू के कंद को पीसकर आग से जले हुए स्थान पर लेप करने से घाव तथा सूजन को कम करने में मदद मिलती है। कभी-कभी किसी चीज के एलर्जी के कारण दाद-खाज खुजली की समस्या हो जाती है। कच्चे आलू को काटकर दाद तथा खाज वाले स्थानों पर मलने से लाभ होता है। प्रदूषण के कारण आजकल दाग-धब्बे की समस्या आम हो गई है। कच्चे आलू को पीसकर चेहरे पर लगाने से स्किन में ग्लो आता है और दाग धब्बा कम होता है। अगर किसी बीमारी के कारण कमजोरी महसूस हो रही है तो आलू को भूनकर हलवा बनाकर सेवन करने से यह पौष्टिक तथा बलदायक फल प्रदान करता है। और आलू को भूनकर अदरख तथा पुदीना डालकर जूस बनाकर पीने से भूख बढ़ता है और कमजोरी दूर होती है। आयुर्वेद में आलू के कंद और पत्ते का इस्तेमाल औषधि के रुप में ज्यादा किया जाता है। बीमारी के लिए आलू के सेवन और इस्तेमाल का तरीका पहले ही बताया गया है। अगर आप किसी ख़ास बीमारी के इलाज के लिए आलू का उपयोग कर रहे हैं तो आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह ज़रूर लें। हरे आलू के फल तथा हरे छिलके वाले कंद में कभी-कभी विषाक्त प्रभाव भी देखने को मिलता है, अतः उसके भीतर के अंश का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए।

आलू को पका कर विभिन्न प्रकार से इसका सेवन किया जाता है तथा इसको पीस कर इसका आटा भी बनातें हैं, जिसका प्रयोग बेकिंग में तथा साँस को गाढ़ा करने में होता है। आलू में स्थित स्टार्च अत्यधिक पाचक होता है। इसमें विटामिन सी, एमीनो अम्ल, प्रोटीन, थायमीन तथा निकोटिनिक अम्ल भी पाये जातें हैं। कच्चे आलू का रस लगाने से संधिवातीय पीड़ा में आराम होता है तथा किसी घाव अथवा चोट पर कुचला हुआ आलू लगाकर बाँधा जा सकता है तथा इसे प्रतिदिन दो बार बदलने से आराम मिलता है। यदि कोई महिला रसोई का काम करते समय जल जाती है तो कुचले हुए आलू जले स्थान पर लगाकर वह शीघ्र आराम पा सकती है आलू का अत्यधिक सेवन करना अच्छा नहीं हैं। डायबिटीज के रोगियों को आलू का सेवन नहीं करना चाहिए। योग गुरु अग्रवाल नें बताया कि सब्जियों का राजा आलू हरा या अंकुरित आलू खरीदना चाहिए या नहीं ? सब्जियों का राजा आलू भोजन का जरूरी हिस्सा है। यह विटामिन सी, पोटेशियम, विटामिन बी6 और फाइबर का अच्छा स्रोत है। आलू में फ्लेवोनॉइड्स नाम के एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। पर, आलू सेहत के लिए तभी फायदेमंद होंगे जब आप सही आलू खरीदकर लाएं। जब आप आलू खरीदने निकलते हैं तो ध्यान रखें कि वह टाइट हो, पिलपिला न हो। आलू दबाने पर वह स्क्वीज न हो। आलू की सरफेस पर किसी भी तरह का कट या ज्यादा दाग नहीं होना चाहिए। आलू खरीदते समय किन बातों का रखें ध्यान अगर आलू पर स्प्राउट यानी अंकुर आ गए हैं तो इसका मतलब है कि वह आलू फ्रेश नहीं है। अंकुरित आलू में ग्लाइकोलॉइड और काकोनाइन नाम के केमिकल बन जाते हैं, जो सेहत के लिए नुकसानदायक है।

सेंटर फॉर फूड सेफ्टी रिसर्च के मुताबिक, अंकुरित आलू नहीं खाने चाहिए क्योंकि इन साउटिड आलू में ग्लाइकोलॉइड की अधिक मात्रा पाई जाती है। ग्लाइकोलॉइड आलू के पौधे में पहले से ही पाया जाता है और यह जहरीला पदार्थ होता है। ज्यादा मात्रा में ग्लाइकोलॉइड वाले भोजन खाने से मितली और दस्त जैसी परेशानियां हो सकती है। इसलिए अंकुरित आलू नहीं खरीदने चाहिए। आलू की सरफेस स्मूद हो। आलू का रंग हरा होने का मतलब उसके ऊपर एक टॉक्सिन का बिल्डअप हो जाना है। इस केमिकल का नाम है- सोलनाइन। अगर सतह हल्की फुल्की हरी है तो उसे काट कर अलम कर दें और बाकी इस्तेमाल कर सकते हैं। आलू अगर ज्यादा हरा है तो इसे इस्तेमाल करने से बचें। सोलनाइन की वजह से आलू में कड़वापन आ जाता है और इसे खाने से इन्फेक्शन भी हो सकता है। उल्टी, पेट दर्द और डायरिया जैसी परेशानियां भी हो सकती हैं

## मृत्यु भोज के स्थान पर की श्रद्धांजलि सभा



छिंदवाड़ा। शांति कॉलोनी में काली मंदिर प्रांगण में किरार समाज के वरिष्ठ समाजसेवी पुलिस विभाग में कार्यरत स्वर्गीय जीवन चौरे जिनकी 16 मई को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। किरार समाज संगठन के निवेदन एवं प्रयास पर चौरे परिवार के द्वारा समाज हितैषी अनुकरणीय कार्य सामाजिक कुरुति मृत्यु भोज को सीमित कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। साथ उपस्थित सामाजिक बंधुओ द्वारा जीवन चौरे के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में एवं पुलिस विभाग में किए गए साहसिक कार्यों पर प्रकाश डाला गया। एवं सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सामाजिक पदाधिकारियों तथा पारिवारिक जनों श्री चौरे की पत्नी रामकुमारी चौरे,पुत्र बिट्टू चौरे,पुत्री रश्मि चौरे द्वारा जीवन चौरे की स्मृति में पर्यावरण को संरक्षित करने के संकल्प को पूरा करने हेतु काली मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। प्रमुख अतिथियों द्वारा समाज में वृहद स्तर पर फैली कुरीतियो के उन्मूलन में मृत्युभोज के स्थान पर श्रध्यांजली सभा जैसे कार्य की सराहना की गई। साथ ही सभा में उपस्थित सभी समाज के जिला अध्यक्षो व प्रमुख जनो द्वारा इस प्रकार से सभी समाज में मृत्यु भोज को सीमित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित करने का प्रयास जारी रखने की बात कही गई। जिससे कुरूतियो का उन्मूलन हो व समाज आर्थिक रूप से सशक्त हो सके।

## शहर में बिजली आपूर्ति ठप्प होने से जनता हो रही हलाकान

**हल्की बारिश ने खोली विधुत मेंटेनेंस की पोल**

छिंदवाड़ा। जिले में प्री मानसून की गतिविधियों से बारिश का दौर जारी है इसके चलते कही हल्की तो कहीं अच्छी खासी बारिश हो रही है इसके पूर्व विधुत वितरण कंपनी के द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मेंटेनेंस अभियान चलाया गया था किंतु इसके बाद भी बिजली आपूर्ति ठप्प होने से भारी जन आक्रोश है लोग विधुत की सुचारू आपूर्ति के विधुत वितरण शिकायत सेल में लगाते रहें गुहार यहाँ सवाल यह उठता है कि मानसून पूर्व व मानसून के पश्चात विधुत वितरण कंपनी के द्वारा लाखों रुपये खर्च कर विधुत उपकरणों के मेंटेनेंस हेतु अभियान चला कर घंटो घोषित व अघोषित बिजली कटौती की जाती है इसके बाबजूद बिजली आपूर्ति ठप्प होने से विभाग के फर्जी मेटेंनेस के दावों की पोल खुल गई है इस आशय के आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि अनेकों जगह बिजली के तार टूटने व विधुत पोल गिरने से लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहें हैं जुन्नारदेव नवे गांव के ग्राम कोर पानी गुगाढ़ाना में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है एवं एक बुरी तरह घायल हो गया है इसी प्रकार अमर वाड़ा सम्भाग के सिंगोड़ी विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत हिवरखेड़ी किसान के खेत में चार विधुत पोल टांसफार्मर गिरने से विधुत व्यवस्था व फसल चौपट हो गई है जिसके कारण बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बनीं हुई है।

## एनीकट का किया गया गहरीकरण



छिंदवाड़ा। शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा सर्वर्धन अभियान के तहत दिनांक 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक भरतादेव फिल्टर प्लांट के पास अगरबत्ती गोदाम परिसर में बने एनीकट का गहरीकरण कार्य किया जा रहा है। उक्त एनीकट का निर्माण वर्ष 1998-99 में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के द्वारा किया गया। तत्कालीन समय में यह क्षेत्र ग्राम पंचायत चंदनगांव मे आता था। वर्तमान मे 2014 मे नगर निगम का गठन होने के पश्चात् यह क्षेत्र नगर पालिक निगम छिन्दवाडा के वार्ड क्र. 36 में शामिल हुआ उक्त एनीकट मे चंदनगांव गांव के फोकट नगर के नाले का पानी एवं भरतादेव फिल्टर प्लाट से निकलने वाले बेकवाटर वाश का पानी जमा होता है। उक्त एनीकट का निर्माण हुए लगभग 27 वर्ष हो चुके है किन्तु इस अवधि मे कभी भी एनीकट की सफाई तथा गाद निकालने कार्य नही हुआ। नगर निगम आयुक्त सीपी राय के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान मे इस वर्ष एनीकट से लगभग 180 मीटर लम्बाई एवं 30 मीटर (औसत) चौडाई मे खुदाई कर लगभग 12825 घनमीटर गाद निकाली गयी।

## अमन चैन की दुआओं को लेकर हज के लिए जत्था हुआ रवाना

अमरवाड़ा। नगर में गुरुवार को सुबह नई आबादी से अमन चैन की दुआओं को लेकर हज यात्रियों का जत्था रवाना हुआ है जानकारी के अनुसार नई आबादी के रहने वाले शेख पीर मोहम्मद और उनकी एहलीय, मोहम्मद इलियास मंसूरी और उनकी एहलीय, मेहरून खलील खान प्रिंसिपल की एहलीय हज यात्रा के लिए रवाना हुई है इस दौरान जमा मस्जिद अमरवाड़ा कमेटी के सभी लोगों ने बड़ी शान और शौकत के साथ सभी हाजियों का इस्तकबाल किया इस अवसरपर अमरवाड़ा जमा मस्जिद



कमेटी के सदर जावेद मंसूरी सेकेट्री आशिक खान मतवाली इसराइल मंसूरी इमाम साहब शेख जहीर मुबीन खान महबूब खान शेख रहीम हाफिज जबीर मंसूरी हाफिज सबदर मंसूरी शोख आरिफ नबी शाह मकसूद मंसूरी लियाकत मंसूरी आशु भाई चिंटू भाई इमरान भाई अशफाक भाई और भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे

## पुलिस ने लापता नाबालिग बालिका को परिजनों से मिलाया

छिंदवाड़ा। पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा श्री आयुष गुप्ता के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) परासिया श्री जितेन्द्र जाट के नेतृत्व मे थाना उमरेठ के अपराध क्र.89/23 धारा 363 ताहि की नाबालिग बालिका घटना *दिनांक 08.03.23 को बिना बताये कही चली गई थी जिसकी रिपोर्ट परिजनो के द्वारा थाना मे लिखाने पर उक्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान दस्तयाब कर बालिका को उसके माता पिता के सुपुर्द किया गया।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ...

# प्राकृतिक खेती को अधिक से अधिक बढ़ावा रासायनिक उर्वरकों पर किसानों की निर्भरता कम हो

**12 जून 2025 तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान जिले की सभी ग्राम पंचायतों तक अभियान पहुंचाया जाए**

छिन्दवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना के तहत कृषि क्षेत्र को मुख्य धारा में लाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत आज से देशभर में की गई है। यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक चलेगा। छिंदवाड़ा जिले में भी इस अभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने हेतु छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम से अभियान की जिले में शुरुआत की गई।



### जिले की सभी ग्राम पंचायतों तक अभियान पहुंचाएं

सांसद ने जिले में अभियान के शुभारम्भ अवसर पर कहा कि जिले में कृषि क्षेत्र में लगातार नवाचार किये जा रहे हैं। भारत शासन की मंशा के अनुसार प्राकृतिक खेती को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाना है, ताकि रासायनिक उर्वरकों पर किसानों की निर्भरता कम होने के साथ ही पर्यावरण एवं मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। तकनीकी दल को अभियान में प्रगतिशील कृषकों के द्वारा उनके अनुभवों को अन्य कृषकों से साझा करने के निर्देश दिये हैं।

### कृषि में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यह अभियान किसानों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जब तक देश का किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक देश समृद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सिंचाई जल की लगातार उपेक्षा चिंता का विषय है। किसानों से अपील की कि जल संरक्षण को प्राथमिकता दें और मिट्टी की सेहत के लिए डीएपी की बजाय एनपीके जैसे संतुलित उर्वरकों का उपयोग करें। कलेक्टर श्री सिंह ने तकनीकी दलों को निर्देशित किया कि वे जल संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, मृदा स्वास्थ्य, नरवाई प्रबंधन, एक पेड़ माँ के नाम अभियान तथा प्राकृतिक खेती से जुड़ी जानकारियां भी किसानों तक पहुँचाएं ताकि खरीफ सीजन की शुरुआत से ही किसान इन तकनीकों का लाभ ले सकें। इसके साथ ही, एफपीओ के माध्यम से किसानों को फसल प्रोसेसिंग और मार्केटिंग से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। अभियान के दौरान पात्र किसानों को बीज ग्राम योजना, नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन एवं नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल सीड जैसी योजनाओं के अंतर्गत प्रमाणित बीजों का वितरण भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों को समय पर गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराना और उत्पादन की गुणवत्ता को सुधारना है। जिले में अभियान के प्रभावी संचालन हेतु कुल 6 दलों का गठन किया गया है। इन दलों में कृषि वैज्ञानिकों के साथ कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन और कृषि अभियांत्रिकी विभागों के अनुभवी अधिकारी शामिल किए गए हैं। प्रत्येक दल के लिए ग्राम पंचायतवार रूटचार्ट भी तैयार किया गया है, जो मैदानी अमले से प्राप्त कार्ययोजना के अनुसार निर्धारित किया गया है। इस सुनियोजित व्यवस्था के माध्यम से जिले के हर किसान तक वैज्ञानिक जानकारी, योजनाओं का लाभ और नवाचारों की प्रेरणा पहुँचाई जाएगी।

# गुलाबी बैंग ने शराब ठेकेदार की निकाली शव यात्रा

**आदिवासियों को न्याय दिलाने लिया संकल्प,मुख्यमंत्री को शराब बंदी करने दी चेतावनी**



पॉढुर्णा। गुलाबी द्वारा विगत् एक माह से संपूर्ण जिले से प्रदेश में शराब बंदी को लेकर धरना आंदोलन का क्रम जारी है, नांदनवाड़ी के बाद पांढुर्णा जिले में भी गुलाबी गैंग की सैंकड़ों महिलायें ड्रेस कोड में हाथों में डंडे लिये कार्यक्रम स्थल पहुँची और जिले की तीन शराब दुकानों को बंद कराया एवं उनमें ताले जड़े जिनमें पांढुर्ना हाईवे से लगी मोरडोगरी, नांदनवाड़ी और मंदिर से लगी सीराटा दुकान पर के शटर पर ताला जड़ा वही नांदनवाड़ी में धरना स्थल पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और पांढुर्णा शराब ठेकेदार के शव का पुतला बनाकर शव यात्रा निकाली। इस अवसर गुलाबी गैंग की कमांडर पूर्णिमा वर्मा ने संबोधित करते हुये कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज संपूर्ण प्रदेश सहित जिले में अवैध शराब का कारोबार चरम पर है, और इसी अवैध शराब की बिक्री के चलते महिला अपराधों सहित मार काट की घटनायें आम बात हो गई है। उन्होनें प्रदेश के मुख्यमंत्री को खुली चेतावनी दी है शीघ्र संपूर्ण प्रदेश में शराब बंदी की जाये या अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाये और अवैध शराब का व्यापार करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर रासुका लगायी जावे अन्यथा गुलाबी गैंग अब संपूर्ण प्रदेश में शराब बंदी एवं आदिवासियों को उनका हक एवं न्याय दिलाने के लिये उग्र आंदोलन करेगी। वहीं दूसरी ओर उन्होनें कहा कि संपूर्ण प्रदेश विशेषकर छिंदवाड़ा, बैतूल एवं पॉढुर्णा जो कि आदिवासी बाहुल्य जिले हैं के आदिवासी कृषकों की करोड़ों रूपयों की बेशकीमती भूमि को भू माफिया कौड़ियों के दाम खरीदकर फिर उस सामान्य मद में परिवर्तन कराकर अरबों रूपये बना रहे हैं, इस पर भी रोक लगना चाहिये।

## महाराणा प्रताप के चरणों में नतमस्तक हुए कांग्रेसजन

**शहर कांग्रेस ने माल्यार्पण कर किया याद**



छिन्दवाड़ा। मेवाड़ के महान राजपूत शासक महाराणा प्रताप की जयंती पर कांग्रेसजन उनके चरणों में नतमस्त हुए। शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन को मुगल सम्राट अकबर के खिलाफ अडिग प्रतिरोध के लिए याद किया जाता है। विशेष रूप से हल्दी घाटी के युद्ध के लिए याद किए जाते हैं। उन्होंने अपने देश और संस्कृति की रक्षा के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में हमेशा नैतिकता व सिद्धांतों का पालन किया। उन्होंने अनेकों कठिनाईयों का सामना किया और कभी हार नहीं मानी। अपने सम्पूर्ण जीवनकाल में उन्होंने आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का प्रदर्शन किया।आयोजित कार्यक्रम में हेमंत राय, वासुदेव शर्मा, जगदीश झांझोड़, राजू स्वामी, पप्पू यादव, आनंद राजपूत, शैलू सेंगर, सचिन वानखेड़े, आशीष चौधरी, अर्जुन बघेल, मुकेश उपाध्याय, टिंकू राय, तरूण कराड़े, पिंचू बैस अमित मालवी, अमित श्रीवास्तव, सिराज कुरैशी, जाकिर परवेज, चिंटू काले, सचिन दुबे, स्वप्निल शर्मा, विशाल साहू, मयंक श्रीवास्तव, मौसम श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शहर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा निकाल देवी अहिल्याबाई होलकर पर संगोष्ठी

अमरवाड़ा। नगर में पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300जन्मे जयंती के अवसर पर अमरवाड़ा के स्टेडियम ग्राउंड से विशाल तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू विधायक कमलेश शाह नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति तिवारी जिला भाजपा महिला अध्यक्ष गरिमा दामोदर जिला भाजपा महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी की उपस्थिति में अमरवाड़ा नगर के स्टेडियम ग्राउंड से विशाल तिरंगा रैली निकाली जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई अमरवाड़ा के बारात घर पहुंची जहां देवी अहिल्याबाई होलकर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस मौके पर सांसद बंटी साहू और विधायक कमलेश शाह सहित जनप्रतिनिधियों के द्वारा देवी अहिल्याबाई की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दी प्रज्वलित किया गया।और उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए का सिद्धांतों पर चलने के लिए संकल्पित हुए इस मौके पर सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अभा मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा के आष्टा की बहनों ने करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम किया



आष्टा। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा आष्टाशाखा आष्टा में उच्च माध्यमिक शाला सीएम राइस स्कूल मेअखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा के आष्टा की बहनों ने करियरकाउंसलिंग का कार्यक्रम किया जहां बच्चों को अपने भविष्य के बारे में बताया गया 10वीं12वीं और 8वीं के भी बच्चे शामिल थेकाउंसलिंग मे प्रिंसिपल शित्वत सर उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया उनको बताया कि देश सेवा क्या है देश सेवा में भी बच्चों को जाना चाहिए सेवा में भी जाना चाहिए अच्छी मार्क्स लाना चाहिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहिए की करीबन 55 बच्चों ने भाग लिया वरिष्ठ सलाहकार विजयलक्ष्मी गणेश उपाध्याय ने भी बच्चों को उनके करियर उनके भविष्य के बारे में बताया कि आपको किस फील्ड में ज्यादा रुचि होना चाहिए जब बच्चे अच्छे नंबर से पास होते हैं तो सबसे ज्यादा खुशी एक शिक्षक और माता-पिता को ही होती हैबाल विकास प्रमुख सुनीता ऐलजपुरिया ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दियास्कूल के स्टाफ के सभी शिक्षक गणों ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिया अच्छे भविष्य के लिएइस अवसर पर अध्यक्ष रानी सोनी ,शाखा आष्टा की संगठन प्रमुख विजयलक्ष्मी उपाध्याय, सुनीता ऐलजपुरिया ,ज्योति सोनी ,उषा तिवारी ,स्मिता मुंद्डा, सरोज खंडेलवाल ,उमा गुप्ता, वीणा पुरोहित,मुख्य रूप से स्कूल प्राचार्य सितवत खान समस्त स्टाफ सतीश वर्मा ,अंतेश धरवा ,गौरीशंकर मालवी, विजय अडगले आदि उपस्थित रहे।

## सांसद की अनुशंसा पर मेमू ट्रेन का बदला समय

**जी.टी. एक्सप्रेस से कनेक्टिविटी के लिए विवेक साहू ने की थी मांग**



छिंदवाड़ा। आमला से छिंदवाड़ा आने वाले रेल यात्रियों को अब जी.टी. एक्सप्रेस से कनेक्टिविटी के लिए परेशान नही होना पड़ेगा। जन समस्या के निवारण के लिए हर सम्भव प्रयास करने वाले लोक प्रिय सांसद बंटी विवेक साहू की मांग पर आमला छिंदवाड़ा के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन संख्या 61123 के समय में बदलाव किया गया है। समय में बदलाव होने की वजह से यात्रियों को जी.टी. एक्सप्रेस से कनेक्टिविटी मिल जाएगी। दरअसल आमला स्टेशन पर जी.टी. एक्सप्रेस सुबह 7:40 बजे आ जाती है, वहीं आमला से छिंदवाड़ा के लिए मेमू ट्रेन सुबह 8 बजे रवाना हो जाती है। जी.टी. एक्सप्रेस से उतरकर जुन्नारदेव परासिया छिन्दवाड़ा सहित इस क्षेत्र में आने वाले कई यात्री इतने कम समय में टिकट लेकर प्लेटफॉर्म बदल कर मेमु ट्रेन में नहीं चढ़ पाते थे। ट्रेन छूट जाने से परेशान यात्रियों की समस्या को देखते हुए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने 23 मई को नागपुर में आयोजित बैठक में रेल अधिकारियों के समक्ष मेमु ट्रेन का समय बदलने की मांग की थी, ताकि जी.टी. एक्सप्रेस की कनेक्टिविटी मिल सके। सांसद श्री बंटी विवेक साहू की मांग पर नागपुर मध्य रेल मंडल रेल प्रबंधक विनायक गर्ग ने पत्र लिखकर सांसद श्री साहू को अवगत कराया है कि आप की मांग पर रेल प्रशासन ने शीघ्र संज्ञान लेकर मेमु ट्रेन के समय मे बदलाव किया गया है। अब अगामि 5 जून से आमला से छिन्दवाड़ा जाने वाली मेमू ट्रेन 8:20 बजे सुबह आमला से रवाना होगी।

## आज से शहर में फिर चलेगी अतिक्रमण हटाने की मुहिम

**जस्व और निगम की टीम हटाएगी अतिक्रमण**



छिंदवाड़ा। नगर निगम और राजस्व की टीम आज शुक्रवार से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान की बड़ी मुहिम प्रारंभ की जा रही है। सड़कों पर लग रहे ठेलों के चलते बार हो रहे जाम और एक्सीडेंट की आशंका के चलते सबसे पहले यह अतिक्रमण हटाये जाएंगे। शहर के व्यस्तम क्षेत्र फव्वारा चौक और छोटी बाजार में भी अतिक्रमण हटाये जाएंगे या नहीं इसको लेकर चर्चा चल रही है। हालाकि अतिक्रमण हटाओ अभियान आज 30 मई से प्रारंभ किया जा रहा है। कमिश्नर सी.पी. राय ने बताया कि कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देश पर अतिक्रमण हटाए जाने की रूपरेखा बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देश पर नगर निगम सभाकक्ष में शहर में फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी इस बैठक में नगर निगम महापौर विक्रम अहके, निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय एवं छिंदवाड़ा एसडीएम सुधीर जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जबकि पुलिस विभाग की ओर से यातायात प्रभारी राकेश कुमार तिवारी उपस्थित रहे। इस बैठक में आगामी दिवसों कार्यवाही की रूपरेखा भी बनाई गई। नगर निगम कमिश्नर चंद्रप्रकाश राय ने बताया कि ऐसे वाहन जो सड़क पर खड़े हो रहेहै, उन पर लगातार चालानी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एसडीएम सुधीर जैन ने निर्देश दिए है कि अतिक्रमणकारियों को विद्युत कनेक्शन न दिए जाए इसके साथ ही पूर्व में दिए विद्युत कनेक्शन भी काटे जाए। विभिन्न अवसरों पर शहर के डिवाइडर के बीच में अवैध रूप से होर्डिंग एवं फ्लेक्स लगाए जा रहे इन्हें लगातार हटाने एवं इन पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

## शहर में चला व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान वार्डो में स्वच्छता एवं सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताए

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। महापौर विक्रम अहाके एवं आयुक्त सी.पी. राय के मार्गदर्शन में सिद्धि



विनायक वेस्ट मैनेजमेंट की टीम द्वारा वार्डों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें नागरिकों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। वार्ड क्रमांक 41 दीनदयाल पार्क व खंडेरा चौक में सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम पर जानकारी दी गई और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की गई। नागरिकों को कचरे के वर्गीकरण गीला, सूखा, सेनेटरी वेस्ट एवं घरेलू हानिकारक कचरे के बारे में बताया गया।वार्ड क्रमांक 42 बस स्टैंड में रेड स्पॉट की समस्या को समझाया गया।बताया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाना न केवल बीमारियों का कारण बनता है, बल्कि शहर की सुंदरता भी खराब करता है। वार्ड क्रमांक 18 में स्वच्छता महुआ एप के उपयोग की जानकारी दी गई तथा सफाईमित्र सुरक्षा चैलेंज के अंतर्गत सेप्टिक टैंक सफाई हेतु सुरक्षा किट के उपयोग का महत्व समझाया गया। नागरिकों से फीडबैक लेकर स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

# युवाओं ने नेचर ट्रेल से जाना जैव विविधता का राज

**बच्चो ने जागरूकता रैली से दिया जैव विविधता संरक्षण का संदेश**



छिंदवाड़ा। पर्यावरण के रक्षक बने भक्षक नही हम केवल प्रकृति से लेते है देते कुछ नही जिस दिन देना भी सीख जायेगे उस दिन प्रकृति की अनमोल धरा स्वर्ग लगने लगेगी इस धरती पर अनमोल जैव विविधता है उसको जाने अंजाने में हम समाप्त कर रहे है ये पेड़ पौधों हमे छाया प्रदान करते है फल देते है शुद्ध आक्सीजन देते है जिससे हम शुद्ध हवा ले पाते है।इसका संरक्षण करना यानी जैव विविधता का संरक्षण करना है।उक्त बाते गुरुवार को धर्मटेकडी स्थित जंगल में विश्व जैव विविधता संरक्षण दिवस के अवसर पर ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा के द्वारा आयोजित एवम मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल वन विभाग के सहयोग मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवम ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रमुख के कुशल मार्गदर्शन में शहर के मध्य स्थित धरमटेकरी में एक दिवसीय नेचर ट्रेल में स्कूली बच्चों के साथ जन अभियान परिषद के बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने सहभागिता की।इस अवसर पर राष्टपति पुरस्कार प्राप्त पर्यावरण विद समाजसेवी विनोद तिवारी,शिक्षक सुरेश पहाड़े विषय विशेषज्ञों में हिमानी सिंह,भोपाल से पधारेअंशुल शुक्ला राजू वर्मा सहित अन्य जानकारों ने पेड़ पौधों पशु पक्षियों के जानकारी प्रदान की एवम बताया की इनमे इतनी विभिन्नता होती है जल जंगल का जैव विविधता को कैसे संरक्षित किया जा सकता है बताया।नेचर ट्रेल के दौरान पेड़ पौधे की प्रजाति उनके वैज्ञानिक नाम एवम आयुर्वेदिक महत्व को सभी ने जाना।इस अवसर पर ग्रामीण जैव विविधता के लिए जागरूक करने जागरूकता रैली भी बच्चो एवम युवाओं द्वारा निकाली गई कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में परामर्शदाताओ श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू सहित युवाओं में चितेश , शिवांगी वानखेड़े,आदित्य पटेल राजू बर्मा,किरण पटेलिया,वीरेंद्र कुमार तिवारी, निहाल कृष्ण मिश्रा अंशिका रघुवंशी, पलक सूर्यवंशी,शीतल श्रीवास ज्योति परमार,सुनीता पाठे ,रीना वासनिक सहित अन्य युवा एवम स्कूली बच्चे शामिल थे।कार्यक्रम में विद्यालय प्रमुख श्रीमती हेमलता तिवारी ने सभी को जैव विविधता संरक्षण की शपथ दिलाई ।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती नीता स्वामी ने किया।

## भारतीय पत्रकार संघ के तत्वावधान में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

मंडला। भारतीय पत्रकार संघ द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में जिले एवं प्रदेश की मेरिट सूची में शामिल 100 मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ ही सीबीएसई के टॉपर विद्यार्थियों को प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा।यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की मेहनत को सलाम करेगा,बल्कि उनकी सफलता की कहानियों से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।इस समारोह में उन स्कूलों के संस्था प्रमुखों को भी सम्मानित किया जाएगा जिनके शत-प्रतिशत विद्यार्थी इस बार परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं।यह सम्मान उन शिक्षकों व स्कूल प्रबंधन की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा, जिन्होंने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान की।सफलता की कहानी' कार्यक्रम के जरिए मिलेगा मार्गदर्शन बच्चों के उत्साहवर्धन एवं प्रेरणा के लिए सफलता की कहानी÷नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के सफल व्यक्ति अपने अनुभव साझा करेंगे और विद्यार्थियों को उनके भविष्य निर्माण के लिए मार्गदर्शन देंगे। *इस कार्यक्रम में यह रहेंगे मुख्य अतिथि और गणमान्यजन इस गरिमामय अवसर पर कई प्रमुख अतिथि उपस्थित रहेंगे,जिनमें शामिल हैं÷मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उईके, राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पत्रकार संघ ए आई जे विक्रम सेन, निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े,अध्यक्ष शिक्षा समिति एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत मंडला कमलेश तेकाम,सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बाई वरकड़े,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राकेश तिवारी,जोरावर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य एंव अन्य बरिष्ठ जनप्रतिनिधि व पत्रकारगण।

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ आष्टा के ब्लॉक अध्यक्ष बने श्याम शर्मा सलिल



आष्टा। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया के निर्देश पर सीहोर जिला इकाई के अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने सीहोर जिले की ब्लॉक इकाइयों की घोषणा कर दी है जिसमें आष्टा ब्लॉक इकाई के लिए पत्रकार श्याम शर्मा सलिल को अध्यक्ष बनाया गया है उनकी नियुक्ति पर आष्टा क्षेत्र के पत्रकारों ने बधाई दी है। बता दे शर्मा लंबे समय से श्रमजीवी पत्रकार संघ से जुड़े हुए हैं। इसी के साथ जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने इसी सप्ताह में ब्लॉक इकाई आष्टा की कार्यकारिणी की घोषणा का निर्देश दिया है, श्याम शर्मा सलिल के अध्यक्ष बनने पर उनके ईस्ट मित्र एवं संगठन में काफी हर्ष है।





भोपाल। आज जैन समाज के मुनि श्री दिगंबर जैन नेमीनाथ ट्रस्टझिरनों के मंदिर पहुंचे वहां पूजा जनार्दन की एवं उसके पश्चात पीर गेट पहुंचकर रैम्प के ऊपर से मुनि श्री चौक स्थित जैन मंदिर पहुंचे।





बैरागढ़। बैरागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता ने जनता समस्या को लेकर बैरागढ़ बिजली ऑफिस पहुंचे। ऑफिस का घेराव कर जमकर नारेबाजी की।

## मंत्री विजय शाह का वीडियो फुटेज भोपाल एफएसएल लैब ने लौटाया, जांच करने में सक्षम नहीं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के एक मंत्री के विवादित बयान की जांच में नई अड़चन सामने आई है। विशेष जांच दल (एफएसएल) ने मंत्री विजय शाह से जुड़े वीडियो को ऐसी फॉरेंसिक लैब में भेज दिया, जहां वीडियो की तकनीकी जांच की सुविधा ही मौजूद नहीं थी। इस लापरवाही के चलते जांच आगे नहीं बढ़ पाई और सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई अब जुलाई में तय की है। मंत्री शाह का वीडियो भोपाल स्थित राज्य फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) को भेजा गया था। लेकिन वहां केवल वॉयस एनालिसिस, डीएनए, और ड्रग टेस्टिंग जैसी जांच होती है, वीडियो फुटेज की सत्यता परखने की तकनीकी क्षमता मौजूद नहीं है। लैब ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे वीडियो की प्रमाणिकता की जांच करने में सक्षम नहीं हैं और वीडियो लौटा दिया गया।



एफएसएल के अधिकारियों ने भी पुष्टि की है कि वीडियो मिलने के बाद इसे लौटा दिया गया और एसआईटी को सलाह दी गई कि इसे राष्टीय फॉरेंसिक संस्थान गांधीनगर या केंद्रीय लैब (सीएफएसएल) भेजा जाए। इस पूरे घटनाक्रम ने एसआईटी की निष्पक्षता और दक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस की याचिकाकर्ता जया ठाकुर के वकील वरुण ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में सवाल उठाया कि यह लापरवाही थी या जानबूझकर जांच को टालने की कोशिश? बता दें, मंत्री विजय शाह विवादित बयान को लेकर तीन बार सार्वजनिक माफी मांग चुके हैं। यानी वह वीडियो झूठा नहीं, बल्कि सत्य प्रतीत होता है। फिर भी एसआईटी सत्यापन प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ा पा रही है।

## निशातपुरा स्टेशन तैयार, भोपाल में यात्री सुविधाओं का विस्तार प्लेटफॉर्मों की लंबाई बढ़ेगी

**भोपाल।** रेलवे की ओर से भोपाल स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए तैयारियां तेज़ हो गई हैं। भोपाल मंडल के डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने बताया कि स्टेशन पर करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसमें प्लेटफॉर्म की चौड़ाई बढ़ाने से लेकर सेकंड एंट्री और अन्य सुविधाओं को अपग्रेड करने तक के काम शामिल हैं। हमारा अमृत स्टेशनों पर फोकस है। यहां प्लेटफॉर्म की




चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। सेकंड एंट्री के लिए अलग से 10 करोड़ रुपए का बजट मिला है। यह एक्स्ट्रा वर्क के तौर पर स्वीकृत हुआ है। इससे यात्रियों को आने-जाने में ज्यादा सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म आइलैंड होते हैं, जिनके दोनों तरफ पाइंट और क्रॉसिंग होती है। भोपाल स्टेशन पर अभी तीन, चार, पांच वर्क सेशन हैं, जिन्हें जल्द ही बढ़ाया जाएगा। साथ ही प्लेटफॉर्म 4, 5 और 7 की लंबाई बढ़ाई जाएगी ताकि लंबी दूरी की ट्रेनों की आसानी से पार्किंग हो सके। स्टेशन पर बैठने की सुविधा बढ़ाने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को अपग्रेड किया

डीआरएम ने बताया कि बेंचों की संख्या बढ़ाई जा रही है ताकि यात्रियों को प्रतीक्षा के दौरान दिक्कत न हो। बता दें कि भोपाल स्टेशन पर रोजाना 40 से 50 हजार तक यात्री आते हैं और यहां से रोजाना 220 ट्रेनें अप व डाउन में गुजरती हैं। डीआरएम त्रिपाठी ने यह भी बताया कि निशातपुरा स्टेशन पूरी तरह तैयार है। अब सिर्फ निर्देश मिलने का इंतजार है। जैसे ही निर्देश मिलेंगे, हम संचालन शुरू कर देंगे। इससे पहले भोपाल में निशातपुरा स्टेशन को लेकर डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने प्रोजेक्ट में देरी के कारणों के बारे में बताया था कि एनएसजी-3 कैटेगरी में कर दिया गया था। इसके चलते पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को अपग्रेड किया गया है। साथ ही कवर एरिया को भी बढ़ाया गया है। जानकारी के अनुसार, निशातपुरा स्टेशन को 2017 से पहले सी कैटेगरी में रखा गया था।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ, 15 पंचायतों में पहुंचेंगे वैज्ञानिक 2 जून तक चलेगा अभियान

**बीना।** ब्लॉक की 15 पंचायतों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिक किसानों से सीधा संवाद करने उनके गांव पहुंचेंगे। इस अभियान की शुरुआत गुरुवार को ग्राम पंचायत भानगढ़ में जनपद अध्यक्ष उषा राय ने की। अभियान के तहत वैज्ञानिकों की टीम किसानों को उन्नत खेती करने के तरीका बताएगी और खेती का तरीका बदलकर अधिक लाभ कमाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धनपाल सिंह तोमर ने बताया कि अभियान के तहत 2 जून तक 15 पंचायतों में कृषि वैज्ञानिकों की टीम जाएगी। वैज्ञानिक सीधे किसानों से मिलेंगे और वह खेती में आ रहीं समस्याओं से रुबरु होकर उनका समाधान करेंगे। साथ ही खेती में नवाचार करने, उन्नत खेती, नई तकनीक, प्राकृतिक खेती की विधि, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित फसल चयन, संतुलित उर्वरकों का उपयोग, किसान नवाचार का प्रचार-प्रसार, आधुनिक यंत्रों के उपयोग से स्मार्ट कृषि, योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने सहित अन्य जानकारी दी जाएंगी। टीम में केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान से डॉ. चंद्रशेखर, कृषि विज्ञान केन्द्र सागर से मयंक मेहरा, कृषि महाविद्यालय खुरई से वैज्ञानिक डॉ. एसआरएस रघुवंशी, डॉ. अजय लोधी सहित कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# भोपाल में प्रधानमंत्री के प्रोग्राम को लेकर ट्रैफिक प्लान जारी

## देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर 31 मई को यह सड़कें रहेंगी डायवर्ट



**भोपाल।** 31 मई 2025 को राजधानी के जंबूरी मैदान में होने जा रहे देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों महिलाएं शामिल होंगी। इस भव्य आयोजन में लगभग 5000 बसों के जरिए महिलाओं का आगमन प्रस्तावित है। आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए यातायात पुलिस ने मार्ग, पार्किंग और डायवर्जन व्यवस्था जारी कर दी है।

### इन मार्गों से होगी बसों की आवाजाही और पार्किंग

- इंदौर, खंडवा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर की ओर से आने वाली सभी बसें खजूरी रोड, बकानिया डिपो, मुबारकपुर, लांबाखेड़ा, चोपड़ा कला, पटेल नगर बायपास होते हुए आनंद नगर से जंबूरी मैदान पहुंचेंगी और पार्किंग स्थल में पार्क की जाएंगी।
- राजगढ़ (ब्यावरा), गुना, अशोकनगर से आने वाली बसें मुबारकपुर जोड़, लांबाखेड़ा जोड़, चोपड़ा कला जोड़ होते हुए पटेल नगर बायपास, आनंद नगर से जंबूरी मैदान जाएंगी।
- सागर, रायसेन, विदिशा से आने वाले वाहन पटेल नगर चौराहा, आनंद नगर होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।
- नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल से आने वाली बसें 11 मील, मिसरोद रोड, आरआरएल तिराहा, एम्स, बरखेड़ा पठानी होकर सेंट जेवियर के पीछे पार्क होंगी।
- जबलपुर, नरसिंहपुर से आने वाली बसें 11 मील, खजूरी कला जोड़ से एसओएस रोड होते हुए जंबूरी मैदान पहुंचेंगी।
- भोपाल शहर से आने वाली बसें प्रभात चौराहा, आईटीआई तिराहा, पिपलानी पेट्रोल पंप होते हुए एनसीसी ग्राउंड और भेल दशहरा मैदान में पार्क की जाएंगी।

### ट्रैफिक दबाव वाले मार्ग, सुबह 6 बजे से

- बोर्ड ऑफिस, गोविंदपुरा टर्निंग, अन्ना नगर, सद्भावना चौराहा, महात्मा गांधी चौराहा, सेंट जेवियर स्कूल, अवधपुरी तिराहा
- पटेल नगर बायपास, आनंद नगर, रत्नागिरी तिराहा, पिपलानी पेट्रोल पंप

### वैकल्पिक मार्ग

अवधपुरी, बीकानेर मिष्ठान, सुरभि इनक्लेव, ऋषिपुरम, चर्च चौराहा, विजय मार्केट, बरखेड़ा, गुलाब उद्यान, डीआरएम ऑफिस, हबीबगंज अंडरब्रिज से 10 नंबर मार्केट की ओर आवाजाही की जा सकती है।

### बसों और भारी वाहनों के लिए डायवर्जन

- नर्मदापुरम, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल की ओर से आने वाली बसें 11 मील, हबीबगंज नाका होते हुए आईएसबीटी की ओर जाएंगी। इनका नादरा बस स्टैंड की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- सागर, छतरपुर, दमोह से आने वाली बसें पटेल नगर बायपास, 11 मील, हबीबगंज नाका होकर आईएसबीटी जाएंगी।
- इंदौर से आने वाली बसें हलालपुर बस स्टैंड का उपयोग करेंगी। लालघाटी की ओर प्रवेश निषिद्ध रहेगा।
- गुना, राजगढ़, ब्यावरा से आने वाली बसें मुबारकपुर, गांधी नगर, लालघाटी होकर हलालपुर पहुंचेंगी।
- भारी वाहनों का प्रवेश भोपाल के सभी सीमावर्ती बॉर्डर–विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, आष्टा, ब्यावरा, बैरसिया से डायवर्ट किया जाएगा।

### चार पहिया, दोपहिया व वीआईपी वाहन

आम लोग गोविंदपुरा टर्निंग से महात्मा गांधी तिराहा होते हुए सेंट जेवियर स्कूल के पीछे पार्किंग में वाहन खड़ा कर सकेंगे। वीआईपी पासधारी वाहन गोविंदपुरा टर्निंग, महात्मा गांधी चौराहा, अयप्पा मंदिर, गैस गोदाम होकर सेंट जेवियर स्कूल के सामने पार्किंग में खड़े होंगे। मीडिया वाहन गोविंदपुरा टर्निंग से गैस गोदाम के बीच निर्धारित मीडिया पार्किंग में पार्क होंगे।

#### कॉलेज के डायरेक्टर पर चार छात्राओं का आरोप

## बैड टच कर अश्लील बाते करतें थे

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित कोकता नगर के पास जिस निजी कॉलेज की आधा दर्जन छात्राओं-पूर्व छात्राओं के साथ फरहान के गिरोह ने लव जिहाद किया था, अब उसी कॉलेज के डायरेक्टर अरुण पांडेय पर चार छात्राओं ने बैड टच करने का आरोप लगाया है। छात्राओं ने अपनी शिकायत में कहा है कि कॉलेज के डायरेक्टर पांडेय छात्राओं से अश्लील बातें करते बैड टच करने लगे। इतना ही नहीं वे कहने लगे कि मुझे खुश कर दो, तो फार्म फॉरवर्ड हो जाएगा। यह बात जब मैंने अपनी एक सहेली को बताई तो उसने भी इसी तरह की डिमांड की बात बताई। मैं तो भोपाल में रहती हूं, लेकिन मंडीदीप और रायसेन से आने वाली तीन अन्य छात्राओं के साथ भी इसी तरह की मांग कॉलेज के डायरेक्टर द्वारा बैड टच करते हुए पहले की जा चुकी है।




हुए कहते हैं कि मुझे खुश करो। पिपलानी पुलिस ने चारों छात्राओं की शिकायत की जांच शुरू कर डायरेक्टर को बयान देने के लिए बुलाया है, लेकिन कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया है। अरुण पांडेय पर लव जिहाद गिरोह के सरगना फरहान खान और अन्य आरोपियों को खुली छूट देने और संरक्षण देने के भी आरोप अब लगाए जा रहे हैं।

पिपलानी थाना प्रभारी चंद्रिका प्रसाद यादव ने कहा कि चार छात्राओं ने अरुण पांडेय के खिलाफ लिखित में शिकायत की है। शिकायत की जांच की जा रही है, लेकिन अभी कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस के अनुसार एक पीड़िता ने शिकायत में कहा है कि वह विधि की छात्रा है और उसके क्लास में बायोमैट्रिक्स खराब है। उसकी अटेंडेंस शॉर्ट बताकर उसका फार्म फॉरवर्ड नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में विभाग के प्रमुख ने कॉलेज के डायरेक्टर पांडेय से मिलने के लिए कहा। इसके बाद मैं पांडेय से मिली तो वे अश्लील बातें करते हुए

### आरोप दबाव बनाने के लिए लगाए गए

छात्राओं के आरोप पर कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. अरुण पांडे ने कहा कि जिन छात्राओं ने आरोप लगाए हैं, उनके अटेंडेंस पूरी नहीं है। बीते साल भी इनकी अटेंडेंस शॉर्टेज थी। तब इन्हें अगले साल अटेंडेंस पूरी करने की शर्त पर एग्जाम में शामिल होने की परमिशन दी गई थी। लेकिन इस साल भी इनकी अटेंडेंस बेहद कम रही। छात्राएं जिस दिन को लेकर मेरे ऊपर आरोप लगा रही हैं। उस दिन की पूरी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग मेरे पास है। यह आरोप दबाव बनाने के लिए लगाए गए हैं। बता दें, 5 मई को राष्टीय महिला आयोग की टीम रायसेन रोड स्थित इसी कॉलेज गई थी। इस दौरान टीम ने कॉलेज प्रशासन, अधिकारियों और रेप, ब्लैकमेलिंग की पीड़ित छात्राओं को पढ़ाने वाले स्टाफ से लंबी पूछताछ की थी।

### शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहा प्रबंधन

छात्राओं ने आरोप लगाया कि जैसे ही हम चारों छात्राओं ने थाने में डायरेक्टर अरूण पांडेय के खिलाफ शिकायत की, उन तक बात पहुंचा दी गई। इसके बाद करियर खराब करने, बदनामी होने और अन्य कारणों का हवाला देकर कॉलेज प्रबंधन हम लोगों पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। इधर, पुलिस अधिकारी जांच का हवाला देकर प्रकरण भी दर्ज नहीं कर रहे हैं। छात्रा ने बताया कि घटना 22 मई की है।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में 3 जून को मध्यप्रदेश में 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत होगी

## यह अभियान पार्टी को नई दिशा, नया जोश और ताक़त देगा: उमंग सिंघार

**भोपाल।** राहुल गांधी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में 3 जून को कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत होगी। इस बारे में गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक भी उपस्थित रहे। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि 3 जून को भोपाल में होने वाले कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के शुभारंभ का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने इसे कांग्रेस परिवार के लिए एक नई शुरुआत का ऐतिहासिक क्षण करार दिया। सिंघार ने कहा कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन में शुरू होने वाला यह 'संगठन सृजन अभियान' कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और सशक्त करेगा। यह पहल युवाओं, किसानों, श्रमिकों और समाज के वंचित वर्गों को कांग्रेस के साथ पुनः जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनेगी।



उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों, प्रदेश कार्यकारिणी, राजनीतिक मामलों की समिति और सभी जिला अध्यक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। इसका उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और स्पष्ट रणनीति तैयार करना है।

**एक विचार यात्रा का प्रारंभ है-** सिंघार ने जोर देकर कहा कि यह आयोजन केवल एक बैठक नहीं, बल्कि एक विचार यात्रा का प्रारंभ है। यह कांग्रेस की जड़ों को और गहरा करेगा और आगामी चुनावों में संगठन को मजबूती के साथ मैदान में उतारेगा। सिंघार ने यह भी रेखांकित किया कि 'संगठन सृजन अभियान' के माध्यम से बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की आवाज को बुलंद किया जाएगा और उनकी मेहनत को संगठन के शीर्ष स्तर तक पहुँचाया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने राहुल गांधी के वाक्य को दोहराते हुए कहा कि कांग्रेस में जो भी लोग पार्टी के खिलाफ काम कर रहे हैं, उन लोगों को भी इस दौरान चिन्हित किया जाएगा, ताकि पार्टी ऐसे लोगों से सतर्क रहकर जनता की आवाज और मजबूती से उठा सके।

# मप्र के 36 जिलों में आज भी तेज आंधी-बारिश का अलर्ट

## भोपाल, ग्वालियर-जबलपुर में गिरेगा पानी, 40 से 60 किमी घंटा की रफ्तार से चलेगी आंधी

**भोपाल।** नौतपा के छठवें दिन, शुक्रवार को भी मध्यप्रदेश में बारिश होगी। मौसम विभाग ने भोपाल, ग्वालियर-जबलपुर समेत 36 जिलों में अलर्ट जारी किया है। नरसिंहपुर समेत 6 जिलों में आंधी की रफ्तार 60 किमी प्रतिघंटा तक रहेगी। इससे पहले गुरुवार को 10 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर जारी रहा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, अभी मध्यप्रदेश के ऊपर से एक टर्फ गुजर रही है। वहीं, दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) भी एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शुक्रवार को नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में तेज आंधी के साथ बारिश होने का अलर्ट है। आंधी की रफ्तार 60 किमी प्रतिघंटा या इससे अधिक भी रह सकती है। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, उमरिया, कटनी और मैहर में भी तेज आंधी और बारिश का अलर्ट है।



### नौतपा के पांचवें दिन भी आंधी-बारिश

आम तौर पर नौतपा के दौरान प्रदेश में भीषण गर्मी का असर रहता है। कई जिलों में पारा 48 डिग्री के पार पहुंच जाता है, लेकिन इस बार आंधी-बारिश का दौर जारी है। पिछले पांच दिन कई जिलों में तेज आंधी चली और बारिश हुई। छतरपुर में गुरुवार को मौसम खराब होने से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दौरा रद्द हो गया। गौरिहार में बने हेलीपैड में पानी भर गया और सभास्थल पर लगा टेंट भी उखड़ गया। सतना, सागर, मऊगंज, राजगढ़, श्योपुर, छतरपुर के खजुराहो, गुना में तेज आंधी के साथ बारिश हुई।

### दिन के तापमान में गिरावट आई

कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली। ग्वालियर, खजुराहो, गुना, टीकमगढ़, शिवपुरी और रतलाम में ही पारा 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। ग्वालियर, ग्वालियर और गुना में सबसे ज्यादा 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। टीकमगढ़ में 41.5 डिग्री, शिवपुरी में 41 डिग्री और रतलाम में पारा 40 डिग्री रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 39.5 डिग्री, इंदौर में 36.3 डिग्री, उज्जैन में 37.5 डिग्री और जबलपुर में 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले साल नौतपा के पांचवें दिन यानी, 29 मई के तापमान की बात करें तो निवाड़ी का पृथ्वीपुर, खजुराहो में 47 डिग्री से अधिक रहा था। दतिया, सतना, सीधी, ग्वालियर, रीवा, शहडोल और शिवपुरी में पारा 46 डिग्री या इससे अधिक रहा था। प्रदेश के कुल 37 शहरों में पारा 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया था, जबकि इस बार 5 शहरों में ही पारा 40 से 41.6 डिग्री तक पहुंचा। इस साल मई में एक भी दिन पारा 44 डिग्री के पार नहीं आया।

### गर्मी के सीजन में बारिश वाला मौसम

इस साल गर्मी के सीजन में बारिश वाला मौसम है। मई में लगातार 29 दिन से प्रदेश के किसी न किसी जिले में बारिश हो रही है। हालांकि, 26 अप्रैल से ही मौसम बदल गया था और आंधी-बारिश हो रही थी। कुछ जिलों में तो ओले भी गिर चुके हैं। इससे पहले साल 2023 में मई में 20 दिन बारिश हुई, लेकिन पानी पूरे महीने ही गिरा था, लेकिन लगातार नहीं। मौसम विभाग ने 2 जून तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है।